सच, सिर्फ सच **
वॉयस ऑफ लखनऊ
रविवार, 26 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 26, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

942 कर्मियों को मिला वीरता व सेवा पदक
गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 942 पुलिस, अग्निशमन व नागरिक सुरक्षा कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता व सेवा पदक से सम्मानित किया गया। } 14

भारत-इंडोनेशिया ने संबंधों को बढ़ाने का लिया निर्णय
प्रधानमंत्री मोदी व इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच व्यापक वार्ता के बाद स्वास्थ्य, समुद्री सुरक्षा, संस्कृति व डिजिटल स्पेस के क्षेत्र में सहयोग के लिए पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। } 14

फोटो : अमित वर्मा

सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष : योगी

जिला संवाददाता

महाकुंभनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महाकुंभ मेले को एकता का संदेश देने वाला तथा देश और दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बताते हुए कहा कि सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष की तरह है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष है और इसकी तुलना किसी झाड़ और झंखाड़ से नहीं होनी चाहिए।

एक बयान के मुताबिक प्रयागराज दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने शनिवार को अखिल भारतीय अवधूत भेष बारह पंथ-योगी महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर अन्य संप्रदाय हो सकते हैं, ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुम्भ में साधु-संतों के साथ पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

महाकुम्भ में मुख्यमंत्री योगी ने श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य से की मुलाकात

महाकुंभनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर शनिवार को दक्षिण भारत की श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य विधुशेखर भारती जी महाराज से भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि श्रृंगेरी पीठ के पूज्य शंकराचार्य के प्रयागराज पधारने से बहुत आनंद की अनुभूति हो रही है। आपके आगमन से महाकुंभ को पूर्णता मिल रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार शंकराचार्य की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दक्षिण रीति से स्वागत किया गया और उन्हें कुंभ के स्वरूप के रूप में नारियल भेंट किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी शंकराचार्य को शॉल ओढ़ाकर और फल भेंटकर उनका अभिनंदन किया। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखर भारती जी महाराज से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, लंबे अंतराल के बाद दक्षिण की श्रृंगेरी पीठ का महाकुंभ के महाआयोजन में आगमन हो रहा है। इससे महाकुंभ की शोभा और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

संविधान हमारी सामूहिक अस्मिता का मूल आधार

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि देश का संविधान भारतवासियों की सामूहिक अस्मिता का मूल आधार है तथा यह विलक्षण ग्रंथ सभी नागरिकों को एक परिवार की तरह एकता के सूत्र में पिरोता है। राष्ट्रपति ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में जो आज व्यापक ...शेष पृष्ठ 14 पर

लोक गायिका शारदा सिन्हा व ओसामु सुजुकी को पद्म विभूषण सम्मान

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कार 2025 का एलान किया है। सूची के मुताबिक पद्म विभूषण 7, पद्म भूषण 19 और पद्म श्री पुरस्कार 113 हस्तियों को मिलेंगे। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहर, कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया, लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम और दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी को पद्म विभूषण से नवाजा जाएगा। लोक गायिका शारदा सिन्हा, सुजुकी मोटर के पूर्व सीईओ ओसामु सुजुकी, एमटी वासुदेवन नायर को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष और अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी, गायक पंकज उधास और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित ...शेष पृष्ठ 14 पर

- केजीएमयू की चांसलर सोनिया नित्यानंद को मिलेगा पदश्री पुरस्कार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई : विराज सागर दास

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष विराज सागर दास ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। विराज सागर दास ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत का संविधान इस दिन लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के मौके पर हम सभी को देश की एकता व अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प लेना चाहिए।

अवकाश की सूचना

गणतंत्र दिवस पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापनदाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

26 जनवरी, रविवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी, मंगलवार को प्रकाशित होगा।

-कार्यकारी सम्पादक

भीतर पढ़ें

- चार पीसीएस अफसरों के तबादले (पृष्ठ-02)
- रामनाम ही ले जायेगा भवसागर के पार (पृष्ठ-02)

पीएम मोदी देहरादून में 28 को राष्ट्रीय खेलों का करेंगे शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 28 जनवरी को देहरादून आगमन हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन सम्पन्न होगा। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रजत जयंती खेल परिसर की सभी व्यवस्थाओं की बिन्दुवार समीक्षा की।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली एसपीजी के अधिकारियों ने भी खेल परिसर का गहन निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का सभी जनपदों व ब्लाकों में सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए एलईडी टीवी लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ पर प्रदेश भर में जनसहभागिता से दीपोत्सव व अन्य कार्यक्रम ...शेष पृष्ठ 14 पर

मेरठ : पांच लोगों की हत्या का मुख्य संदिग्ध मुठभेड़ में ढेर

जिला संवाददाता

मेरठ (उप्र)। मेरठ पुलिस ने शनिवार तड़के मुठभेड़ में 50,000 रुपये के इनामी बदमाश जमील हुसैन उर्फ नईम को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार द्वारा जारी बयान के मुताबिक नौ जनवरी, 2025 को लिसाड़ी गेट स्थित अपने घर पर अपने सौतेले भाई मोइन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चों की नृशंस हत्या में जमील हुसैन उर्फ नईम मुख्य संदिग्ध था। पुलिस के मुताबिक इन पांचों के सिर पर चोट के निशान थे। इन हत्याओं के बाद पुलिस ने जमील हुसैन उर्फ नईम और उसके साथी सलमान पर इनाम घोषित किया था। पुलिस महानिदेशक ने एक बयान में कहा, जांच में पता चला है कि नईम गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना नाम और स्थान बदल रहा था। इस जघन्य अपराध के पीछे पैसे और संपत्ति को लेकर विवाद था। नईम का दिल्ली और ठाणे में आपराधिक गतिविधियों का इतिहास रहा है। बयान के अनुसार पुलिस टीम जमील हुसैन उर्फ नईम और सलमान को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थीं। बयान में कहा गया है, शनिवार सुबह पुलिस की एक टीम ने नईम को पकड़ने गयी थी और मुठभेड़ शुरू हो गई। नईम को गोली लगी और उसे पास के अस्पताल में घायलवस्था में ले जाया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर | अखिलेश दास की तरह जनसेवा में सक्रिय है उनके सुपुत्र विराज सागर दास

डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। जाड़े की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं, ऐसे में उन्हें तलाश रहती है किसी मसीहा की जो उन्हें शीत के प्रकोप से बचा सके। उन्हें ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े। बहुत से गरीब जाड़े की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। लखनऊ शहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश दास मानव सेवा में सदैव सक्रिय रहते थे। आज उनके सुपुत्र बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट व अखिलेश दास फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास अपने पिता के पद चिन्हों पर चलकर जनसरोकार व मानव सेवा में पूरी तन्यमता के साथ जुटे हुए हैं। भीषण सर्दी से बचने के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर अखिलेश दास फाउंडेशन के अलाव लोगों को जाड़े से बचाव में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। फाउंडेशन की दो टीमें शाम 5 बजे से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए निकलती हैं। अलाव जलाने का यह सिलसिला रात 11 ...शेष पृष्ठ 14 पर

राज्यपाल व सीएम ने दी गणतंत्र दिवस की बधाई

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा कि गणतंत्र दिवस का पर्व हम सभी को एक सूत्र में बांधने वाली भारतीयता के गौरव का उत्सव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी है।

रेरा पंजीकरण संख्या UPRERAPRJ787484 | वेबसाइट- www.up-rera.in
IS 15700:2018
सेवोत्तम प्रमाणित
हमारा प्रयास, आपका आवास
वर्षों का अटूट विश्वास, आपका आवास विकास
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
लाया है अवध विहार योजना, लखनऊ में
सामान्य पंजीकरण-2025 के अन्तर्गत
आवासीय भूखण्डों को प्राप्त करने का
सुनहरा अवसर

ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि
दिनांक 13.01.2025 से 13.02.2025 तक

योजना का नाम	क्षेत्रफल (वर्ग मी.)	भूखण्डों की संख्या	मानक भूखण्ड का मूल्य (रु. लाख में)	पार्क फेसिंग एवं कार्नर भूखण्ड का मूल्य (रु. लाख में)	पंजीकरण धनराशि (रु. लाख में)		आवंटन/ विक्रय करार के उपरान्त पंजीकरण धनराशि समायोजित करते हुये एक माह में जमा की जाने वाली धनराशि (रु. लाख में)		अवशेष धनराशि 72 मासिक किश्तों में (रु. लाख में)	
					सामान्य श्रेणी	आरक्षित श्रेणी	सामान्य श्रेणी	आरक्षित श्रेणी	मानक	पार्क फेसिंग
अवध विहार योजना लखनऊ	128 वर्गमीटर	72	54.91	63.11	2.75	1.38	24.71	26.08	0.53	0.69

आवंटन के पश्चात आवंटन पत्र निर्गमन तिथि से 60 दिन में भूखण्ड के कुल मूल्य का पूर्ण भुगतान करने पर 5% की छूट

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु सुविधा प्रदाता बैंक

UP RERA Collection Account No.	बैंक का नाम एवं पता	संबंधित अधिकारी का नाम, दूरभाष सं0
A/c No.: 50100294375004	HDFC Bank, CP-06, Vikrant Khand, Gomti Nagar, Faizabad Road, Lucknow	श्री आशीष पाण्डेय 9811619422

इं0 पवन कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियन्ता, अवध विहार वृत्त, लखनऊ, मो0-8795810127
इं0 सुनील कुमार, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लखनऊ-08, मो0-8795810346
श्री हिमांशु कुमार गुप्ता, उप आवास आयुक्त, लखनऊ जोन, मो0-8189081005
श्री बृजेश कुमार, सम्पत्ति प्रबन्धक-सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, अवध विहार योजना, मो0 8189081118
भूखण्ड की बुकिंग के लिए QR कोड स्कैन करें अथवा वेबसाइट www.upavp.in पर विजिट करें

नियम एवं शर्तें: 1. आवेदक भारत का नागरिक हो। 2. आवेदक की आयु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि को 18 वर्ष से कम न हो। 3. ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने पर इच्छुक आवेदक सर्वप्रथम परिषद वेबसाइट www.upavp.in पर जाकर मुखपृष्ठ (Homepage) के लिंक "Online Registration For plots/houses/flats" पर क्लिक करेंगे। 4. शासन/परिषद द्वारा समय-समय पर किये गये परिवर्तन लागू होगें। 5. प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने का विकल्प देने वाले आवेदकों के मध्य आवंटन सार्वजनिक लॉटरी ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। उक्त के उपरांत यदि सम्पत्ति शेष रह जाती है तो किश्तों पर भुगतान का विकल्प देने वाले आवेदकों के मध्य सार्वजनिक लॉटरी ड्रॉ से कार्रवाई की जाएगी। 6. आवेदन मात्र ऑनलाइन माध्यम से ही किये जाएंगे। 7. किसी भी विवाद की स्थिति में आवास आयुक्त का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा। 8. ऑनलाइन आवेदन तथा विस्तृत नियम व शर्तें देखने के लिए परिषद की वेबसाइट www.upavp.in पर Login करें।

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ
Website : https://www.upavp.in, E-mail.: info@upavp.com
संपत्तियों एवं पंजीकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए डायल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-5333, 0522-2236803
UPHousingBoard www.upavp.in

न मंदिर, न मूर्ति, रामनाम ही है अवतार
रामनाम ही ले जायेगा भवसागर पार

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ में सम्मिलित होने तरह-तरह के साधु, संन्यासी, जाति, पंथ, संप्रदाय के लोग देश के कोने-कोने से आते हैं। इस क्रम

- **रामनामी संप्रदाय के अनुयायी करने आये हैं महाकुम्भ में अमृत स्नान**
- **रामनामी संप्रदाय के लोग पूरे शरीर पर गुदवाते हैं राम नाम**
- **निर्गुण राम के उपासक हैं रामनामी, मंदिर और मूर्ति पूजा नहीं करते**
- **छत्तीसगढ़ के जांजगीर चंपा से शुरू हुआ था रामनामी संप्रदाय**

में महाकुम्भ में सम्मिलित होने छत्तीसगढ़ के रहने वाले रामनामी संप्रदाय के अनुयायी पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने आये हैं। अपने पूरे शरीर में राम नाम गुदवाये हुए, सफेद वस्त्र और सिर पर मोरपंख

का मुकुट धारण किये हुए रामनामी संप्रदाय के अनुयायी संगम की रेती पर राम भजन करते हुए महाकुम्भ में पवित्र स्नान को बेताब हैं।

रामनामी संप्रदाय के लोग पूरे शरीर पर गुदवाते हैं राम नाम : पौराणिक मान्यता और परंपरा के अनुसार महाकुम्भ में पवित्र संगम में स्नान करने सनातन आस्था से जुड़े सभी जाति, पंथ और संप्रदाय के लोग जरूर आते हैं। इसी में से एक हैं छत्तीसगढ़ के जांजगीर, भिलाई, दुर्ग, बालोदाबजार, सांरगगढ़ से आये हुए रामनामी संप्रदाय के लोग। 19वीं शताब्दी में जब सनातन संस्कृति के तथाकथित उच्च वर्ग के लोगों ने छत्तीगढ़ में कुछ जनजाति के लोगों को मंदिर में प्रवेश करने और मूर्ति पूजा से वंचित किया तो जनजाति के लोगों ने अपने पूरे शरीर पर ही राम नाम अंकित कर अपनी देह को राम का मंदिर बना लिया। रामनामी संप्रदाय की शुरूआत जांजगीर चंपा के परशुराम जी से मानी जाती है। इस पंथ के अनुयायी अपने पूरे शरीर पर रामनाम का टैटू या गोदना गोदवाते हैं। राम नाम लिखा हुआ सफेद वस्त्र और सिर पर मोरपंख से बना मुकुट धारण करते हैं। राम नाम का जाप और मानस की चौपाईयों का भजन करते हैं। रामनामी संप्रदाय के लोग मंदिर और मूर्ति पूजा नहीं करते वो निर्गुण राम के उपासक हैं। वर्तमान में रामनामी संप्रदाय के लगभग 10 लाख से अधिक अनुयायी मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के जिलों में रहते हैं।

राम नाम ही अवतार, राम नाम ही भवसागर की पतवार : रामनामी संप्रदाय के कौशल रामनामी का कहना है कि महाकुम्भ में पवित्र स्नान करने उनके पंथ के लोग जरूर आते हैं। मौनी अमावस्या की तिथि पर राम नाम का जाप करते हुए हम सब संगम में अमृत स्नान करेंगे। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ से आये कौशल रामनामी का कहना है पिछली पांच पीढ़ी से उनके पुरखे महाकुम्भ में सम्मिलित होने आते रहे हैं। आने वाले समय में हमारे बच्चे भी परंपरा जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि सारंगढ़, भिलाई, बालोद बाजार और जांजगीर से लगभग 200 रामनामी हमारे साथ आये हैं। अभी और भी लोग मौनी अमावस्या से पहले प्रयागराज आ रहे हैं। हम लोग परंपरा के मुताबिक मौनी अमावस्या के दिन राम नाम का जाप करते हुए त्रिवेणी संगम में स्नान करेंगे। राम भजन करते हुए महाकुम्भ से अपने क्षेत्रों में लौट जाएंगे। उन्होंने बताया कि वो रामनाम को ही अवतार और भवसागर की पतवार मानते हैं। वो मंदिर नहीं जाते और मूर्ति पूजा नहीं करते। केवल राम नाम का जाप ही उनका भजन है और रामनाम लिखी देह ही मंदिर।

चार पीसीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार को पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। उपजिलाधिकारी जालौन सुरेश कुमार पाल को बदायूं में नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। नजूल अधिकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण संजय कुमार सिंह को नगर मजिस्ट्रेट बुलंदशहर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपजिलाधिकारी मिर्जापुर आसाराम वर्मा को बलिया का नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसके अलावा उपजिलाधिकारी लखीमपुर खीरी विनीत कुमार उपाध्याय को नगर मजिस्ट्रेट मिर्जापुर बनाया गया है।

भाजपा का मिशन केवल झूठ और लूट है : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जनता समझ चुकी है कि भाजपा कभी भी सच क्यों नहीं बोलती है। झूठ और लूट ही उसका एक मात्र मिशन है और विकास का उसके पास कोई विजन नहीं है।

- **सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

सत्ता का दुरूपयोग कर भाजपा झूठे आश्वासन देती है और विपक्ष को बदनाम करने के लिए नए-नए बहाने गढ़ती है। अब जनता मिल्कीपुर उपचुनाव सहित 2027 के चुनावों में

भी उसे करारी शिकस्त देने का इरादा कर चुकी है। भाजपा जैसे 2017 में प्रदेश की सत्ता में आई थी 2027 में वैसे ही सत्ता से बाहर हो जाएगी। अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकताओं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल भी मौजूद थे। श्री यादव ने कहा कि पांच फरवरी को मिल्कीपुर के उपचुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी पर ही भरोसा करने का मन बना लिया है। यह उपचुनाव जीतना लोकतंत्र के लिए भी आवश्यक है। मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजों का असर अगले विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा। श्री यादव ने कहा कि पिछले उपचुनावों की तरह भाजपा प्रशासन तंत्र के दुरूपयोग से मिल्कीपुर में भी चुनाव में गड़बड़ी करने की रणनीति बना रही है।

बसंतकुंज योजना में एलडीए विकसित करेगा आर्युवेदा पार्क

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हरदोई रोड स्थित एलडीए की बसंतकुंज योजना में आयुर्वेदा पार्क विकसित होगा। इसके लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। इस पार्क में आयुर्वेद का इतिहास, उसके महत्व, आयुर्वेदिक इलाज संग ऐसे पेड़-पौधे लगाए जाएंगे जो अच्छे सेहत के लिए बेहद अहम हैं। इस पार्क को विकसित करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कवायद शुरू कर दी है। इससे पहले शहर में वेस्ट टू वंडर पार्क(यूपी दर्शन पार्क), हेप्पीनेस पार्क(बुद्धा पार्क), वेंट लैंड व हार्मनी पार्क जैसे अनोखे पार्क विकसित किए गए हैं।

- **आयुर्वेद का इतिहास व इलाज संग पेड़-पौधों की मिल सकेगी जानकारी**
- **एलडीए ने सीजी सिटी में विकसित किया है शहर का पहला संगीत थीम वाला हार्मनी पार्क**

एलडीए ने अपनी बसंतकुंज योजना में नोएडा के वेदवन पार्क की तर्ज पर आयुर्वेद पार्क विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की है। यह पार्क करीब 7 एकड़ भूमि पर विकसित होगा। इसके लिए भूमि चिह्नित है। इस पार्क में वेदों व पुराण की जानकारी दी मिल सकेगी। कलाकृतियां, वाटर फाल आदि का भी आनंद मिलेगा। यहां जड़ी-बूटियों की जानकारी व उससे होने वाले इलाज की जानकारी दी जाएगी। प्राधिकरण के मुताबिक इस पर मसौदा तैयार है। प्रशासनिक अनुमति मिलने के बाद इस पर कार्य शुरू होगा। टेंडर आदि की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। बसंतकुंज योजना में ही राष्ट्र प्रेरणा स्थल को विकसित किया गया है। करीब 65 एकड़ में यह पार्क इस इलाके के लिए संजीवनी का काम करेगा। इसे हरित क्षेत्र के तौर पर विकसित किया गया है। इसके साथ ही जार्गस पार्क भी इस योजना में है। इसके अलावा सीजी सिटी के पास स्थित हार्मनी पार्क शहर का पहला संगीत थीम वाला पार्क है। लगभग 12.90 एकड़ में फैले इस पार्क में 34 मूर्तियां हैं, जिन्हें रिसाइकिल की गई सामग्रियों से बनाया गया है। इनमें से प्रत्येक को विभिन्न संगीत वाद्ययंत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये प्रतिष्ठान न केवल कलात्मक रचनात्मकता को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि ध्वनि भी उत्पन्न करते हैं, जो आगंतुकों को एक इंटरैक्टिव संगीत अनुभव प्रदान करते हैं। पार्क में एक ओपन-एयर थिएटर और बच्चों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया खेल का मैदान भी है, जो इसे सभी आयु समूहों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाता है। हाल ही में, हार्मनी पार्क ने लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लोक-लैब के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय संगीत और कला महोत्सव की मेजबानी की, जिसमें 50 से अधिक स्थानीय और राष्ट्रीय कलाकार और 30 से अधिक संगीत वाद्ययंत्र शामिल थे। आगंतुक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक पार्क का भ्रमण कर सकते हैं। अभी इसका आधिकारिक उद्घाटन नहीं किया गया है। मगर पार्क को जनता के लिए खोल दिया गया है। हार्मनी पार्क के बारे में यहां पहुंचने के बाद ही जान सकेंगे।

फिटजी कोचिंग सेंटर के मालिक समेत 12 लोगों पर केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/नोएडा। नोएडा पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान फिटजी के सेंटर बंद होने के मामले में उसके मालिक सहित 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि अभिभावकों की शिकायत पर नोएडा के सेक्टर-58 और ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाने में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं जिसमें फिटजी के मालिक डीके गोयल, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) राजीव बब्बर, मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) मनीष आनंद, ग्रेटर नोएडा शाखा के प्रमुख रमेश बटलेश समेत 12 लोगों को नामजद किया गया। पुलिस उपायुक्त (नोएडा) रामबदन सिंह ने कहा कि अभिभावकों की शिकायत के आधार पर आपराधिक साजिश और विश्वासघात के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने ग्रेटर नोएडा के निवासी सतसंग कुमार की शिकायत के हवाले से बताया कि नोएडा के सेक्टर-62 स्थित संस्थान का सेंटर मंगलवार तक खुला था और उस दिन एक घंटे पहले छुट्टी कर दी गई जिसके बाद पता चला कि सेंटर पूरी तरह बंद कर दिया गया है। दावा है कि इस सेंटर में दो हजार से अधिक छात्र पढ़ते थे। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा-दो के निवासी मनोज कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में भी इसी तरह के आरोप लगाए गए हैं।

चीन से मुकाबला कर रहे डोर बेल लैंप शेड, लोगों को लुभा रहे जूट के उत्पाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) में जूट के खूबसूरत उत्पाद शहर के लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। यह उत्पाद न सिर्फ ईको फ्रेंडली हैं बल्कि सस्ते चाइनीज उत्पादों से मुकाबले की अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं। यूपी स्टेट चैप्टर पीएचडीसीसीआई द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, इन्वेस्ट यूपी और ओडीओपी उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित इस एक्सपो में जूट उत्पादकों को सरकार का बखूबी साथ मिल रहा है।

- **उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो, ईको फ्रेंडली के साथ ही किफायती भी हैं जूट उत्पादन**

गाजीपुर से आए कैसर जहां अहमद की हैंडमेड वॉल हैंगिंग लोगों को खूब पसंद आ रही है। उन्होंने बताया कि यह काम उनके पिता जी के समय से चला रहा है, जिसकी सलाह एक अंग्रेज ने दी थी। उन्होंने बताया कि हम लाइफ ऑफ ट्री, सेवन हॉर्स, गणेश, मरीन लाइन, पहाड़ों पर बने घर और फार्म हाउस जैसे डिजाइन जूट पर बनाते हैं। हमारे इस कार्य को अधिक पहचान जीआई टैग प्राप्त होने के बाद मिली। गाजीपुर की हैंडमेड वॉल हैंगिंग को जीआई टैग दिलवाने के लिए हमने बहुत मेहनत की। वर्तमान समय में नेपाल से 1,500 और मसूरी से लगभग 500 से अधिक हैंडमेड वॉल हैंगिंग के ऑर्डर्स हैं। इस कला के माध्यम से 200 से अधिक लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। दिल्ली से आए गौरव वर्मा जूट के हैंगिंग से लेकर बर्ड हाउस, लैंप शेड और डोरबेल जैसे डेकोरेटिव आइटम बनाते हैं। वह कहते हैं कि मैं अक्सर लोगों के घरों में प्लास्टिक के चाइनीस सामान देखता था, जो बहुत कम समय चलते थे और पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचाते हैं। ऐसे में मैंने जूट के प्रोडक्ट बनाने का विचार किया। जूट के यह उत्पाद न सिर्फ लंबे समय तक चलते हैं बल्कि ईको फ्रेंडली भी हैं और चाइनीस सामान जितने ही किफायती भी हैं। दिल्ली से आए बी.एस बिष्ट बताते हैं की बचपन में उत्तराखंड में रहने के दौरान मैंने देखा कि पर्यटक वहां पर घूमने आते हैं और ढेर सारे प्लास्टिक बैग वहां गंदगी के रूप में छोड़ जाते हैं। यहीं से मुझे पर्यावरण को बचाने के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिली। इसी को ध्यान में रखते हुए सबसे पहले मैंने जूट के बैग बनाए ताकि हर चीज आप बैग में रख सकें और प्लास्टिक का कम इस्तेमाल हो। इसके अलावा हम टेबल एसेसरीज, फ्लोरिंग और वॉल हैंगिंग भी बनाते हैं। हमारे पास 50 रु से लेकर 1,500 रु तक के सामान उपलब्ध हैं। गोपाल शॉ, कार्यकारी सहायक, नेशनल जूट बोर्ड, दिल्ली रीजनल ऑफिस ने बताया कि सरकार हर कदम पर जूट के कारीगरों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है, चाहे उन्हें ट्रेनिंग देना हो या फिर आर्थिक मदद करनी हो। हर कदम पर सरकार जूट कारीगरों के साथ है।

डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन से हो रही उद्यमियों की मदद : 'डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन कैसे इंडस्ट्री की मदद कर रहा है' विषय पर कॉन्क्लेव आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न उद्योगों से जुड़े एक्सपर्ट्स ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि के रूप में नेहा जैन, स्पेशल सेक्रेटरी, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, यूपीडेस्को ने उद्घाटन किया।

एकेटीयू में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। कुलपति एकेटीयू प्रो.जेपी पाण्डेय की प्रेरणा व मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के प्रबन्धन संकाय द्वारा विश्वविद्यालय के एमबीए व एमटेक के छात्रों हेतु सीवी मेकिंग एवं सॉफ्ट स्किल डेवलपमेन्ट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में छात्रों को सीवी मेकिंग, संवाद कौशल, कवर लेटर राइटिंग, सॉफ्ट स्किलस डेवेलवमेन्ट, साक्षात्कार की तैयारी एवं लिंक्डइन प्रोफाइल पुनर्गठन विषय पर जानकारी दी गई। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता सतीश आनन्द थें, जो कि आओ सीखे संस्था के संस्थापक व सीईओ है। सतीश आनन्द 6 बार जोश टॉल्क के वक्ता, दो बार जोश स्किल्स विशेषज्ञ एवं दो टॉप सेलिंग अंतर्राष्ट्रीय किताबों के लेखक है।

एनएसएस बीबीडीयू के दो स्वयंसेवक आज कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में होंगे शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना की बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय इकाई से दो स्वयंसेवकों नीलांक राव और यजदा बुतूल को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिसमें एनएसएस बीबीडीयू के दोनों स्वयंसेवक रविवार को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात भी करेंगे। यह राष्ट्रीय सेवा योजना की बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ईकाई के लिए विशेष गौरव का क्षण है। दोनों स्वयंसेवक बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ. एस सी शर्मा ने दोनों स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए और पूरे विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है, कि एनएसएस बीबीडीयू के दो वालेंटियर्स गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हो रहे है, यह एनएसएस बीबीडीयू के उत्कृष्ट प्रदर्शन और कार्यों के परिणाम को दर्शाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ. प्रभास पाठक ने कहा कि एनएसएस बीबीडीयू से दो स्वयंसेवकों का गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होना और प्रधानमंत्री से मुलाकात हम सबके लिए हर्ष का विषय है और हम सब इस पर गर्व करते हैं। उन्होंने दोनों स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

- **समारोह में शामिल होना और प्रधानमंत्री से मिलना गौरव का क्षण**

समाज कल्याण विभाग कल करायेगा 250 कन्याओं का विवाह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत को प्रस्तावित कार्यक्रम कराये जाने को लेकर को जिलाधिकारी विशाख जी के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह कार्यक्रम का आयोजन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय बालक मोहान रोड लखनऊ में होगा। जिसमें 250 चयनित जोड़े वैवाहिक सूत्र में बंधेगे। बैठक में विभिन्न कार्यों में डयूटी पर लगाये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनके कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये कि चयनित जोड़ों की क्रास चेंकिग के लिए अपने स्तर से विकास खण्ड के कर्मचारियों की डयूटी लगा दें जिससे कोई अपात्र शामिल न हो सकें। अग्निशमन विभाग से शामिल अधिकारी को हवन कुण्ड आदि की व्यवस्था के साथ अग्नि शमन यंत्रो की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है। नगर निगम लखनऊ से उपस्थित अधिकारी को पानी की टैंकर सफाई की व्यवस्था 5 मोबाईल शौचालय की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये गये है। जिला पूर्ति अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर जाकर भोजन व्यवस्था के काउन्टर का ले आउट बनाने के निर्देश दिये गये ।

उक्त के साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग को अतिथियों के लिए की जाने वाली भोजन व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए की भोजन व्यवस्था की जो भी सामग्री प्रयोग की जाए उसकी गुणवत्ता और भोजन बनाने में स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए। उपयोग होने वाली सभी सामग्री की पहले ही सैंपलिंग करा ली जाए। जल निगम व पराग डेयरी के अधिकारियों को आरओ वाटर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस डयूटी में महिला कास्टेबल को तैनात किये जाने के थानाध्यक्ष पारा लखनऊ को निर्देश दिये गये। डीएम ने निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करा ली जाए। आयोजन में आने वाले अतिथियों को कोई भी असुविधा न होने पाए। उक्त के साथ ही लाभार्थियों की सुविधा के लिए जिलाधिकारी द्वारा स्टाम्प को निर्देश दिए गए की कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह पंजीयन का काउंटर बना कर वहीं पर जोड़ो को वहीं पर विवाह प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

सड़क दुर्घटनाओं में लखनऊ नम्बर वन

समरेशपति त्रिपाठी

लखनऊ। सड़क दुर्घटना रोकने के लिए परिवहन विभाग से लेकर सामाजिक संस्थाओं द्वारा नुक्कड नाटक से लेकर सुरक्षा के उपाय तक बताये जाते है लेकिन फिर भी दुर्घटना बढ़ती जा रही है। बडी बात यह कि प्रदेश की राजधानी में यह संख्या सबसे ज्यादा बढ़ गयी है। लखनऊ में इस वर्ष 1630 सड़क दुर्घटना हुई है।

प्रदेश की 75 जिलो में कोई ऐसा जिला नही है जहां पर बीते वर्ष से इस बार सड़क दुर्घटना की संख्या ज्यादा हो गयी है इसके साथ ही दुर्घटना में मरने वालो की संख्या में भी इजाफा हुआ है। लखनऊ के अन्दर 2023 में 1460 सड़क दुर्घटना हुई जबकी 2024 में यह संख्या बढ़कर 1630 हो गयी।

बीते वर्ष से इस बार 11 प्रतिशत से भी अधिक रही। सड़क दुर्घटना में मृत्यु लोगों की बात करे तो 2023 में 568 वहीं 2024 में यह संख्या बढ़कर 576 हो गयी। जबकी घायलो की बात करे तो लखनऊ के अन्दर 2023 में 983 लोग घायल हो गये वहीं 2024 में यह संख्या बढ़कर 1165 हो गयी।

भाषा विवि में मनाया गया मतदाता दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. जयप्रकाश पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर भारत में मतदान के अधिकार और इसकी महत्ता को उजागर करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया।एनसीसी इकाई द्वारा ₹भारत में मतदान के अधिकार का महत्व₹ विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों को रचनात्मक पोस्टर्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का आयोजन और समन्वय डॉ. लेफ्टिनेंट बुशरा अल्वेरा, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एनसीसी इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने कैडेट्स को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया। यह आयोजन युवाओं को मतदान के महत्व को समझने और देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है। विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं: प्रथम स्थानः कैडेट शमा परवीन, द्वितीय स्थानः कैडेट आनंदी गौतम तृतीय स्थानः कैडेट महविश कादिर शामिल है।

श्री हरभज ट्रस्ट का कार्य बहुत पुनीतः कौशल किशोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज से 63 वर्ष पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं बहुत उन्नत नहीं थी तब हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट द्वारा अस्पताल की स्थापना की गई। आम आदमी को सस्ता एवं अच्छा इलाज उपलब्ध कराना एक बड़ा चुनौती पूर्ण कार्य है। जिसे आज भी श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट चिकित्सालय द्वारा बखूबी निभाया जा रहा है .ट्रस्ट द्वारा बहुत पुनीत कार्य किया जा रहा है। संघ के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने आज यह बातें श्री हरभज राम कृपा देवी अस्पताल द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही।

अस्पताल के अध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता की लिखी किताबें फैमिली हेल्थ डायरी व मोक्ष प्राप्ति की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कौशल किशोर ने कहा कि जिस व्यक्ति के कर्म अच्छे होते हैं उसे ही मोक्ष मिलता है। और स्वस्थ व्यक्ति ही अच्छे कर्म कर सकता है। ऐसे में विद्यासागर गुप्ता की दोनों ही पुस्तक मानवता के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। विशिष्ट अतिथि एमएलसी मुकेश शर्मा ने हरभज राम ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की और विद्यासागर गुप्ता को उनके लेखन कार्य की बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के सचिव अमित गुप्ता ने कहा कि श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल में रोज लगभग 200 मरीज इलाज के लिए आते हैं. इस तरह साल भर में हम कई हजार मरीजों का इलाज करने में सफल होते हैं. यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है। हम इस सेवा के लिए किसी भी तरह का सरकारी या गैर सरकारी अनुदान नहीं लेते हैं। अस्पताल के वाइस चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का हरभज अस्पताल व विद्यासागर गुप्ता जी से अटूट रिश्ता रहा है। अटल जी का दो बार अस्पताल में भी आना हुआ उन्होंने श्री हरभजराम चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की खूब प्रशंसा की थी। कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन के अलावा 150 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरण एवं भारत सरकार की कौशल विकास योजना के अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा प्रशिक्षित 50 कंप्यूटर प्रशिक्षणर्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में राघवेंद्र शुक्ला , रजत गुप्ता, सुशील गुप्ता तथा ट्रस्ट के समस्त सदस्य व अस्पताल का स्टाफ व मरीजों की उपस्थिति रही।

मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि और कोषाध्यक्ष वशिष्ठ मणि बने

लखनऊ। मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के आम चुनाव में ऋषि तिवारी को अध्यक्ष पद पर चुन लिया गया है। निर्वाचन अधिकारी राजकुमार, सहायक आवास आयुक्त/सहायक निबंधक की देखरेख में यह चुनाव संपन्न हुए। मतगणना के बाद मतगणना उपरांत ऋषि तिवारी को अध्यक्ष, रेहान अब्बास जाफरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अपर्णा अरोड़ा, कुसुम रावत को उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार शुक्ला को महासचिव, कृष्णा कुमार पाल को उप महासचिव, अजीत कुमार सिंह को प्रचार, शिवेंद्र नारायण त्रिपाठी को सचिव संगठन, अमित कुमार वर्मा, नंदन कुमार को संयुक्त सचिव, वशिष्ठ मणि त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष, अमित यादव को संप्रेक्षक पद पर चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर सात लोग निर्विरोध चुने गए।

सीएमएस छात्रा गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित

लखनऊ। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की कक्षा-11 की छात्रा आद्रिका मिश्रा को नई दिल्ली में आयोजित गणतन्त्र दिवस परेड में विशेष रूप से आमन्त्रित किया है। आद्रिका को यह आमन्त्रण रक्षा मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि आर्दिका ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों को दिया है।एक अनौपचारिक वार्ता में आद्रिका ने कहा कि नई दिल्ली की गणतन्त्र दिवस परेड को नजदीक से देखना मेरा सपना था, जो अब सच हो गया है। श्री खन्ना ने बताया कि यह हर्ष का विषय है कि सी.एम.एस. के छात्र अपनी प्रतिभा व क्षमता के दम पर दिन-प्रतिदिन राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ का गौरव बढ़ा रहे हैं।

लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश

कुप्रशासन **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें-

पताः- टी0सी0-46/वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर-172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0- (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

डीसीपी निपुण अग्रवाल और डीएसपी स्वतंत्र सिंह समेत 17 को राष्ट्रपति का वीरता पदक

आइपीएमस अमरेन्द्र कुमार सेंगर, सिल्वर पदक

आईपीएस मंजिल सैनी, प्लैटिनम

स्वतंत्र के सिंह, गैलेंट्री पदक

अरुण कुमार सिंह, सीएम गैलेंट्री पदक

ऋषिकेश यादव

दीपक कुमार सिंह, प्लैटिनम पदक

विश्वनाथ प्रताप सिंह, गोल्ड पदक

सरताज खान, गोल्ड पदक

- 73 को सहारनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्वारा प्रदेश पुलिस सेवा के 17 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति के वीरता पदक से नवाजा गया है। वीरता के लिए पदक पाने वालों में लखनऊ के पुलिस उपायुक्त साउथ निपुण अग्रवाल, गाजियाबाद में तैनात डीएसपी स्वतंत्र कुमार सिंह, सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना और हमीरपुर की पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा प्रमुख हैं। इसी तरह पांच पुलिस अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए और 73 को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पदक दिया गया है।

इसके अलावा राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पदक से बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा समेत पांच पुलिस अधिकारी और राष्ट्रपति के दीर्घ कालीन सेवा के लिए वाराणसी के आयुक्त मोहित अग्रवाल, आईजी कानून-व्यवस्था एलआर कुमार और एसपी चित्रकूट अरुण कुमार सिंह समेत 73 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

राष्ट्रपति के वीरता पदक पाने वालों में निपुण अग्रवाल को गाजियाबाद में तैनाती के दौरान 50 हजार के इनामी अपराधी राजेश दुजाना को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए सम्मानित किया गया है। राजेश दुजाना पर 20 से अधिक मुकदमे थे। उनसे गृह मंत्रालय के एक अधिकारी की हत्या की थी। राजेश दुजाना को मुठभेड़ में मार गिराने वालों में डीएसपी स्वतंत्र कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर मुनीष सिंह, सिपाही नीरज कुमार प्रमुख थे।

राष्ट्रपति का वीरता पदक पाने वालों में एसटीएफ में तैनात इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव, एसआई अंगद सिंह यादव, नोएडा में तैनात सिपाही देवदत्त सिंह, नोएडा में तैनात सिपाही राजन कुमार व सिपाही रितुल कुमार वर्मा प्रमुख हैं।

अमित श्रीवास्तव व अंगद सिंह को वाराणसी में तैनाती के दौरान मुन्ना बजरंगी गैंग के शार्प शूटर व एक लाख रुपये के इनामी बदमाश दीपक वर्मा को मुठभेड़ में ढेर करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। इसी तरह सिपाही देवदत्त सिंह, राजन कुमार व ऋतुल कुमार वर्मा को मथुरा में दो लाख रुपये के इनामी बदमाश अनिल उर्फ अमित उर्फ जूथरा को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए राष्ट्रपति के वीरता पदक से अलंकृत किया गया है ।इसी तरह एसपी सोनभद्र अशोक कुमार मीना को बरेली में तैनात के दौरान सराफ से 15 लाख रुपये लूटने के आरोपी दो बदमाशों कपिल व अशोक को मार गिराने के लिए सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

उनकी टीम में डीएसपी कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, सिपाही प्रवीण अहलावत शामिल थे। इसी तरह हमीरपुर में तैनात पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा को उनकी टीम के इंस्पेक्टर अब्दुर्रहमान सिद्दीकी, सिपाही संदीप कुमार को गाजियाबाद में एक लाख के इनामी बदमाश अवनीश उर्फ बिल्लू दुजाना को मुठभेड़ में मारने के लिए सम्मानित किया गया है। वहीं हाथरस में एक लाख के इनामी बदमाश मोती को ढेर करने के लिए इंस्पेक्टर रिपुदमन सिंह को भी राष्ट्रपति के वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पदक से बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा, डीएसपी युद्धवीर सिंह, दिलीप सिंह, ब्रह्मदेव शुक्ला और सब-इंस्पेक्टर नारायण सिंह यादव सम्मानित किए गए हैं। इसके अलावा सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पदक से एडीजी आयुक्त वाराणसी मोहित अग्रवाल समेत 73 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। इसी तरह राष्ट्रपति द्वारा अग्निशमन सेवा के 16 अधिकारियों-कर्मचारियों को वीरता पदक और पांच अधिकारियों-कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति के पदक से नवाजा गया है।

पुलिस महानिदेशक ने 710 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने 710 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को शौर्य और सेवी अभिलेख के आधार पर सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया है। इसके तहत सेवा अभिलेख के आधार पर 43 पुलिस अधिकारी कर्मचारी उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, तीन पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को शौर्य के आधार पर उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह से नवाजा गया है। इसी तरह 180 पुलिस कर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी के सहारनीय सेवा सम्मान चिन्ह, 21 पुलिस कर्मियों को शौर्य के आधार पर सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, 25 को शौर्य के आधार पर डीजीपी का प्रशंसा चिन्ह प्लेटिनम, दस को सेवा अभिलेख के आधार पर प्रशंसा चिन्ह गोल्ड, शौर्य के आधार पर 64 पुलिस कर्मियों अधिकारियों को गोल्ड प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया गया है। इसी तरह 85 पुलिस कर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर और शौर्य के आधार पर 279 पुलिस अधिकारियों-कर्माचिरयों को डीजीपी के प्रशंसा चिन्ह गोल्ड से नावाजा गया है।

हिमांशु सोनकर हत्याकांड में पत्नी समेत तीन हिरासत में

शव रखकर लगाया जाम, भारी पुलिस फोर्स के साथ किया गया अंतिम संस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मंगलवार से लापता ई-रिक्शा चालक का शव शुक्रवार को गोमती नदी में मिलने के बाद से ही परिजनों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव को बालू अड्डा रोड पर रखकर जाम लगा दिया। आक्रोशित परिजनों ने कहा कि अगर आरोपी पुलिस की कार्रवाई से बच गए तो हम गोली कर देंगे। भले जेल जाना पड़े।

परिजनों ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने आश्वासन देकर शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही। करीब आधे घंटे चली बातचीत के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। हंगामे की सूचना पर सपा विधायक रविदास महरोत्रा भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को न्याय दिलाने की बात कही।

आयुष का सीसीटीवी फुटेज मिला: आयुष का हनुमान सेतु के पास का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें आयुष आता दिख रहा है। कैमरे को देखकर मुहं पर हाथ रख लेता है। इसके कुछ देर बाद वहां से तेज भागते हुए निकल जाता है।

विधायक बोले- सरकार दे मुआवजा: सपा विधायक रविदास महरोत्रा ने कहा कि पुलिस-प्रशासन की नाकामी का नतीजा है कि हिमांशु की हत्या हो गई और पुलिस आजतक कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। जबकि परिजन चार दिनों से उसकी तलाश कर रहे थे और थाने के चक्कर काट रहे थे। हमारी मांग है कि मृतक के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो। वहीं पुलिस ने परिजनों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस सूत्रों की मानें तो पत्नी पायल और उसके प्रेमी आयुष व साथी जैकी को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

मोबाइल पर बात करने से हुआ शक: हिमांशु की बहन रीता सोनकर ने बताया कि भाई के गायब होने के बाद हम लोग तलाशने में व्यस्त थे, जबकि पायल लगातार आयुष को फोन पर जानकारी दे रही थी। शव मिलने के बाद काफी घबरा रही थी। बार-बार फोन पर बात करने से उसपर शक हुआ। पुलिस दोनों की मोबाइल कॉल चेक करे। सब चीज सामने आ जाएगी। इस घटना में आयुष के साथ अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस उनको भी गिरफ्तार करे। बताते चलें कि बालू अड्डा निवासी हिमांशु (27) का शव शुक्रवार शाम को हनुमंत धाम के पास गोमती नदी में मिला था। वजीरगंज पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाल पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पत्नी पायल

ने बताया कि 21 जनवरी की रात को खाने के बाद हिमांशु सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी किसी का फोन आया तो ई-रिक्शा लेकर निकल गए। सुबह भी नहीं लौटे तो ई-रिक्शे में लगे जीपीएस से चेक किया तो हनुमंत धाम के पास आखिरी लोकेशन मिली।

पत्नी ने लगाया था दोस्तों पर हत्या का आरोप: शव मिलने पर पत्नी पायल ने नगर निगम कर्मचारी कैसरबाग निवासी आयुष पर हत्या का आरोप लगाया। उसका कहना था कि आयुष ने दोस्तों के साथ मिलकर हिमांशु की हत्या कर शव नदी में फेंक दिया। वहीं पायल पर हत्या का आरोप लगते ही वह प्रेमी आयुष के साथ फरार हो गई।

2018 में हुई थी लव मैरिज: परिजनों ने बताया, हिमांशु और पायल की 2018 में लव मैरिज हुई थी। पायल सगी बुआ की लड़की है, जो दिल्ली के मंगोलपुरी में रहती हैं। 2022 में पायल मछली मंडी कैसरबाग के रहने वाले आयुष सोनकर के संपर्क में आ गई। आयुष नगर निगम में नौकरी करता है।

डेढ़ साल पहले भी मारने का बनाया था प्लान: हिमांशु को ये बात पता चली तो उसने पायल को काफी समझाया। लेकिन वो नहीं मानी। परिजनों का कहना है कि पायल ने खुद उसकी हत्या का बात कबूल की है। उसने ये भी बताया कि डेढ़ साल पहले भी गोली मारकर हत्या करने का प्लान था।

कोलकाता का मौसम खराब, तीन विमानों की अमौसी एयरपोर्ट पर हुई लैंडिंग

लखनऊ। कोलकाता में मौसम खराब रहा। जिसके चलते हनोई (वियतनाम) से कोलकाता जाने वाली व दिल्ली से जाने जाने वाली एक उड़ान को राजधानी के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतारा गया। लेकिन काफी देर के बाद कोलकाता का मौसम सामान्य होने पर विमानों को कोलकाता के लिए रवाना कर दिया गया।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-1632) एवं (6ई-1642) वियतनाम के हनोई अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान भरकर कोलकाता पहुंची। लेकिन कोलकाता का मौसम खराब होने के चलते विमान को लैडिंग नही कराया जा सका। कोलकाता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के ऊपर कई चक्कर काटने के बाद विमान के पायलट ने राजधानी के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की एटीसी से सम्पर्क कर लैडिंग की अनुमति मांगी। अमौसी एयरपोर्ट एटीसी से लैडिंग की अनुमति मिलने के बाद उक्त दोनों उड़ानों के पायलटों द्वारा अपने-अपने विमानों को चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैडिंग कराई गई। इसी प्रकार दिल्ली से कोलकाता पहुंची स्पाइस जेट की उड़ान (एसजी-730) भी मौसम खराब होने चलते कोलकाता एयरपोर्ट पर लैड नही कर सकी। जिसके बाद इस विमान को भी अमौसी एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि कोलकाता का मौसम सामान्य होने के बाद इन सभी उड़ानों को कोलकाता के लिए रवाना कर दिया गया।

हिंसक जानवर ने किया गाय के बछड़े का शिकार, गांव में दहशत

गोसाईंगंज। काकोरी क्षेत्र में बाघ की दहशत अभी कम नही हुई थी कि गोसाईंगंज क्षेत्र के भटानी का पुरवा गांव में किसी हिंसक जानवर के आने की आशंका से इस क्षेत्र के लोगों में भी दहशत भर गई। भटानी का पुरवा गांव के रहने वाले राम मिलन के बछड़े पर शुक्रवार व शनिवार की रात किसी हिंसक जानवर द्वारा हमलाकर उसका शिकार कर लिया गया ।जिसका क्षत विक्षत शव पड़ा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी ।ग्रामीणों के अनुसार जानवर के पंजों के निशान और शिकार करने के तरीके से यह लग रहा है किसी हिंसक जानवर द्वारा बछड़े का शिकार किया गया है ।इस घटना के बाद से गांव के लोगों में भय व्याप्त हो गया है ।खासकर पशुपालकों में ज्यादा दहशत बढ़ गई है ।इसके चलते ग्रामीणों द्वारा वन कर्मियों से क्षेत्र में गशत सहित जरूरी इंतजाम किए जाने की मांग की गई है ।इस सम्बंध में फारेस्टर योगेश मिश्रा ने बताया कि हमने टीम सहित मौके का निरीक्षण किया है जिसमें किसी हिंसक जानवर के पगचिह्न नही मिले है। बछड़े का शिकार कुत्तों या सियार के द्वारा किया गया हो सकता है।

मामूली विवाद में युवक पर बांके से हमला

मलिहाबाद। मामूली कहासुनी पर पड़ोसी ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करवाया पीड़ित ने मलिहाबाद पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है ।शनिवार शाम सुभाष उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम भुलभुला खेडा मजरा माधोपुर ने पुलिस को तहतीर देकर बताया पडोस मे रहने वाले विपिन रेलवे विभाग में कार्यरत है आये दिन गन्दी गन्दी गालिया बकता रहता है ।शाम मे उसको गालिया देने से मना किया तो आचनक से विपिन उग्र हो गया और बाके से सुभास पर हमला कर दिया, निशाना चूकने पर बाका हाँथ पर पड़ा जिस कारण गदेली कट गई ।आक्रोशित पड़ोसी ने लात घूसों और लाठी-डण्डो से जमकर पिटाई कर दी ।शोर गुल सुनकर ग्रामीण बीच बचाव के लिए मौके पर पहुचे तब जाकर जान बच सकी घायल सुभास यादव थाने पहुंच तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है ।इंस्पेक्टर सतीश चंद्र साहू ने बताया पीड़ित द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है जाँच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

चलती कार में लगी आग, कार सवारों ने कूद कर बचाई जान

- स्थानीय पुलिस व यातायात पुलिस स्थानीय लोगो के सहयोग से पाया आग पर काबू

विशेष संवाददाता (vol)

आलमबाग। कृष्णा नगर इलाके स्थित बाराबिरवा चौराहे पर आलमबाग की ओर से चली आ रही एक कार में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गईं कार में आग लगा देख कार में सवार लोगो ने कूद कर अपनी जान बचाई यातायात की कमान संभाल रही ट्रैफिक पुलिस ने स्थानीय पुलिस को सूचना दे कार सवारों की मदद में जुट गई वहीं स्थानीय पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे आसपास की दुकानों में लगे सीज फायर के सिलेंडरों और पानी डाल आग पर नियंत्रण पाने में जुट गए फायर टीम पहुँचने के पूर्व ही आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक आधे से अधिक कार का हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चूका था हालाँकि इस हादसे में किसी प्रकार का कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई जानकारी अनुसार सैनिक नगर सरोजनीनगर सुरेश सिंह अपनी पत्नी और दो बच्चो के साथ अपनी मारुती डिजायर कार से आलमबाग होकर अपने घर वापस जा रहे थे अभी वह बारावीरवा आईसीसीआई बैंक शाखा के पास पहुंचे ही थे कि अचानक शार्ट सर्किट के कारण कार में आग लग गईं अचानक हुए इस हादसे यातायात काफी देर तक बाधित हो गया और लम्बा जाम लग गया था

आशियाना में घर के पास खड़ा डाला चोरी

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके स्थित ग्राम औरंगाबाद खालसा में घूम रहे बेखौफ चोरों ने बीते चार दिन पूर्व मंगलवार की रात्रि एक घर के पास खड़ा डाला चोरी कर फरार हो गए ।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित ग्राम औरंगाबाद खालसा निवासी आबाद अली पुत्र अल्ताफ अली के अनुसार बीते 21 जनवरी मंगलवार की रात्रि उन्होंने करीब 11.45 बजे अपना डाला संख्या यूपी 32 जे एन 1266 अपने घर के पास नाले पर खाडा किया था ।जो अगले दिन 22 जनवरी की सुबह करीब 6.30 बजे अपने स्थान पर मौजूद नहीं था। जिसकी जानकारी होने पर खोजबीन करने के बाद उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों की कमाई का झांसा देकर की ठगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब से लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर पति-पत्नी से पांच लाख रुपए ठग लिए। पैसे न देने पर खाता बंद कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस एफआईआर दर्ज जांच पड़ताल कर रही है। इंदिरानगर सेक्टर-सी निवासी पीयूष पाठक का कहना है कि मोबाइल पर कई दिनों से पार्ट टाइम जॉब से लाखों पैसे कमाने का मैसेज आ रहा था। दो बार उन्होंने मैसेज डिलीट कर दिया, लेकिन तीसरी बार मैसेज खोल कर पढ़ा। जिसमें दावा किया था कि घर बैठे रेटिंग देकर रुपए कमाए। पीयूष ने पुलिस को बताया- साइबर ठग के मैसेज के विषय में पत्नी सीमा को बताया। उसने पार्ट टाइम जॉब से पैसे कमाने की योजना को अच्छा बताया। हामी भरने पर मैसेज पर जवाब दिया। जिसके बाद टेलीग्राम चैनल से जोड़ा। पहली बार काम करने पर तीन हजार रुपए खाते में आए। बाद में नया टास्क भेजा। कई निवेश करने के लिए भी कहा। मना करने पर कंपनी की तरफ से खाते में भेजे पैसे न देने की बात कही। बताए गए खाते में निवेश के नाम पर सवा पांच लाख रुपए जमा किए। जब फायदे के पैसे मांगे, तो टेलीग्राम चैनल बंद कर दिया। साइबर थाना प्रभारी के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर मोबाइल नंबर और खाता नंबर के आधार पर ठगों के विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार चोरी का सामान बरामद

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने परचून की दुकान में हुई चोरी का मामला 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया। पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है।

थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना 23 जनवरी 2025 की है, जब पहासा गांव के बाहर स्थित परचून की दुकान के मालिक सुनील कुमार रात करीब 8 बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। अगली सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो चोरी का पता चला। पीड़ित ने तुरंत थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी का सामान और 3526 रुपए नकद बरामद किया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाही करते हुए दो वयस्क आरोपियों को जेल भेज दिया है, जबकि नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में पुलिस की कार्यक्षमता को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

शराब पीने के विवाद में हुई थी मजदूर की हत्या, तीन बंदी

विशेष संवाददाता (vol)

गोसाईंगंज। गोसाईंगंज क्षेत्र के मलौली में शराब के नशे में पड़ोसी युवक की डन्डे से पीटकर गैर इरादतन हत्या करने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया ।पकड़े गए युवक से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक डन्डा भी बरामद किया गया है।

मलौली गांव के रहने वाले जगजीवन ने 23 जनवरी को पुलिस से लिखित शिकायत की थी कि उसके भाई देशराज को पड़ोस में रहने वाले जीतेन्द्र राजेश व कृपाशंकर ने 22 जनवरी की रात लगभग 8 बजे शराब के नशे में मार पीट रहे थे ।जिसपर लोगों ने बीच बचाव कर मामला शान्त करवा दिया था ।उसके बाद देशराज अपने घर आ गया था ।लेकिन घर आने के लगभग दो घण्टे बाद वह जब फिर घर के बाहर निकला तो आरोपितों ने उसकी फिर से डन्डे से पीटाई की थी जिससे उसकी मौत हो गयी थी ।मौत हो जाने पर आरोपितों ने उसके शव को वहां से उठाकर गांव के बाहर स्थित नहर के किनारे गेंहू के खेत में फेंक दिया था ।जिसे अगले दिन सुबह ग्रामीणों ने देखा तो उसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी थी ।जिसके बाद मृतक के भाई ने तीन लोगों के खिलाफ भाई की पीट पीट कर हत्या किए जाने की तहरीर दी थी ।जिसपर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 24 जनवरी की रात मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर बिकौली स्थित माया भट्टे के पास से जीतेन्द्र राजेश व कृपा शंकर को गिरफ्तार कर लिया गया ।गिरफ्तार किए गए जितेन्द्र के कब्जे से घटना में प्रयुक्त किया गया आलाकत्ल लकड़ी का डंडा बरामद करने के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया।

चोरी के आरोप के तीन गिराफ्तार: गोसाईंगंज क्षेत्र के पहासा गांव में स्थित परचून की दुकान से चोरी की घटना का गोसाईंगंज पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी सहित तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान एवं नगदी बरामद कर उन्हें जेल व बाल सुधार गृह भेज दिया। पुलिस के अनुसार पहासा गांव के रहने वाले सुनील कुमार ने 24 जनवरी लिखित शिकायत की थी कि गांव के बाहर उसकी परचून की दुकान है ।जहां से रोज की तरह 23 जनवरी को भी रात लगभग 8 बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया था।

तिरंगे के रंग में रंगा शहर, रोशनी से नहाये बाजार व इमारतें

गणतंत्र दिवस पर शहर के पार्कों में तिरंगे के साथ नजर आयीं युवतियां

तिरंगे के साथ सेल्फी लेतीं युवतियां

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी से नहाया विधान भवन

सभी फोटो-अमित वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गणतंत्र दिवस पर शहर के बाजारों में शनिवार को जबरदस्त रौनक दिखी। हर प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान में तिरंगा की रोशनी में नहाए दिखे। लहराता तिरंगा और गूंजते जोशीले गीतों ने समां बांध दी। सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा..., कर चले हम फिदा जानों तन साथियों..., मेरा रंग दे बसंती चोला रंग दे... समेत आजादी के जोश पैदा करने वाले गीतों से होती गर्व की अनुभूति चहुंओर नजर आई। चौराहों पर बिकते झंडे, झंडियां, टोपियां स्वतंत्रता का सुखद अहसास कराती नजर आईं। गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए नवाबों का शहर पूरी तरह तैयार नजर आया।

शहर की गली हो या मुहल्ला। प्रमुख बाजार हों या फिर स्कूल और सरकारी प्रतिष्ठान, सभी तिरंगे की रोशनी से नहाए दिखे। लोकतंत्र के इस पर्व का जश्न मनाने के लिए शनिवार को सुबह से ही शहर की ऐतिहासिक, सरकारी इमारतों पर तिरंगे झंडे और रंगीन तिरंगी झालरें भवनों को रोशन कर रही थीं। विधानभवन, सचिवालय, बापू भवन, योजना भवन, डीआरएम कार्यालय, रोडवेज, परिवहन मुख्यालय, शहीद स्मारक के अलावा अमीनाबाद, यहियागंज, चौक, हजरतगंज, आलमबाग, चारबाग, नादानमहल रोड, भूतनाथ बाजार, इंदिरानगर, गोमतीनगर, अलीगंज समेत सभी बाजारों में शनिवार को रौनक दिखी। धार्मिक इमारत से लेकर निजी इमारतें तिरंगी रोशनी से नहा उठीं। शहर का बाजार भी पूरी तरह आजादी के रंग में रंगा नजर आ रहा है। दुकानों में हर साइज के तिरंगे बिकते दिखे। शॉपिंग मॉल में भी लोग खरीदारी करते नजर आए। बाजारों में खरीदारों के लिए विशेष ऑफर पैकेज दिए गए।

चौराहों पर गाड़ियां रुकते ही झंडे बेचने को दौड़ते लोग : चौराहों पर जैसे ही लाल बत्ती होने पर गाड़ियां रुकती थीं, अलग-अलग साइज और गाड़ियों के लिए विशेष तरह के झंडे बिकते नजर आए। हाथों में झंडे लिए बच्चे और महिलाएं यातायात से जूझते हुए उनकी बिक्री को आतुर दिखीं। अधिकतर लोगों ने भी उन्हें निराश नहीं किया। झंडे गाड़ियों में फिट कर आगे बढ़ते दिखे।

तिरंगी लाइट में नहाया लखनऊ एयरपोर्ट : लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को तिरंगे के रंगों से सजाया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और टर्मिनल-2 को केसरी, सफेद और हरे रंग की रोशनी से सजाया गया है। हवाई अड्डे के आस-पास के क्षेत्रों में भी तिरंगे के रंग की रोशनी की गई है। सीसीएसआई हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य हवाई अड्डे के टर्मिनल- 2 के अंदर विशेष सेल्फी पॉइन्ट भी बनाए गए हैं। सजावट का मुख्य आकर्षण टर्मिनल-2 के आगमन हॉल के अंदर 18 फुट की झांकी बनाई गई हैं। झांकी भारत के पिछले 75 वर्षों में विश्व स्तरीय तकनीकी विकास की यात्रा को प्रदर्शित करता है। सीसीएसआई हवाई अड्डे ने स्वतंत्रता उत्सव के तहत यात्रियों के लिए कई गतिविधियों का भी आयोजन किया है।

बाजारों में दिखी रौनक, खूब बिके झंडे और कैप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाजार आजादी के रंग में रंग गया है। राजधानी लखनऊ में कई दुकानें तिरंगा, टोपी, बिल्ला, हैंडरिबन, टीशर्ट और गुब्बारे से सज गई है।

सरकारी, गैर सरकारी, संस्थान, विद्यालय, संगठन विविध कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हैं। हर घर झंडा अभियान के तहत विभागों को तिरंगा झंड़ा खरीदने और वितरित करने का लक्ष्य सौंप दिया गया है। बाजारों में भी गणतंत्र दिवस से जुड़े सामानों की दुकानें सज गई हैं। आयोजन के लिए दुकानों पर खरीदार भी पहुंचने लगे हैं। शहर की दुकानों पर कई आकर के सूती और पॉलिस्टर के झंडे 50 से 250 रुपये तक बिक रहे हैं। वहीं बिल्ला, टोपी, हैंड रिबन आदि की मांग शुरू हो गई है। स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकान सजाए रिंकू गुप्ता के मुताबिक बिक्री तेज हो गयी है। इस साल भी ऐसा लग रहा है कि लोगों में देशभक्ति का प्यार उसी जोश के साथ देखने को मिलेगा। राजधानी लखनऊ का एक बाजार राष्ट्रीय तिरंगे और तमाम चीजों से सज गया है। इस बाजार में तिरंगे, स्टैंड, टी-शर्ट, पगड़ी जैसे सामान मिल रहे हैं। इस बाजार के एक दुकानदार ने बताया कि व्यापार कुछ दिनों से डाउन था, लेकिन अब ग्राहकों की भीड़ तिरंगे और अन्य सामग्री खरीदने के लिए बढ़ रही है। उनका कहना है कि इस बाजार में होलसेल के रेट में तिरंगे, स्टैंड, टी-शर्ट, पगड़ी, बैच जैसे तमाम सामान मिलते है। यहां पर जो सामान 10 रुपए के होलसेल के दाम में मिलता है। वही, चीज बाजार में 20 से 25 रुपए से कम का नहीं बिकता। इस बाजार में वो लोग ज्यादा खरीदारी करने आते है जो व्यापार करते है।

मालिनी अवस्थी के गायन व पं. हरिप्रसाद चौरसिया के बांसुरी वादन ने समां बांधा

- साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत का रंगारंग समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साहित्य और संस्कृति की नगरी लखनऊ, जहाँ हर गली में कला और साहित्य की महक बसी है, हाल ही में एक ऐसे आयोजन का गवाह बनी, जिसने भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति के प्रति लोगों के प्रेम को एक नई ऊँचाई दी।

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत अद्भुत गतिविधियों से गुलजार हुआ, जिसमें शास्त्रीय गायन, गजल गायन, पैनल चर्चा, नाटक, मुशायरा और कवि सम्मेलन, वाद्ययंत्र, शास्त्रीय नृत्य और लोक गायन आदि शामिल रहें। कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति और साहित्य को प्रोत्साहित करना और युवा पीढ़ी को इसके महत्व से अवगत कराना है। साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत के संस्थापक कुँवर रंजीत चौहान ने इस कार्यक्रम के महत्व पर अपनी बात रखते हुए कहा, हमारा उद्देश्य केवल साहित्य और संस्कृति के प्रति सम्मान बढ़ाना नहीं है, बल्कि उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना भी है। इस आयोजन के माध्यम से हम भारतीय साहित्य, कला और सांस्कृतिक धरोहर को एक नए रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं, ताकि ये अनमोल धरोहरें हमारे समाज के हर वर्ग तक पहुँचें और उन्हें इनकी महत्ता का अहसास हो। यह अद्वितीय साहित्योत्सव साहित्य प्रेमियों और कलाकारों को एक ही मंच पर एकत्रित करने का गवाह बना, उन्हें भारतीय संस्कृति और साहित्य की धारा से जोड़ने का शानदार अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम ने न केवल लखनऊ बल्कि समूचे उत्तर भारत के साहित्य प्रेमियों को एक मंच पर लाकर भारतीय संस्कृति और साहित्य को प्रोत्साहित करने का अद्भुत अवसर प्रदान किया। कुँवर रंजीत चौहान ने कहा, यह आयोजन साहित्यिक जगत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो कि हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। साहित्य और कला की शक्ति से समाज में बदलाव लाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हम चाहते हैं कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से हम देशवासियों को एकजुट करें और भारतीय संस्कृति के प्रति उनका प्रेम और श्रद्धा बढ़ाएँ। इस प्रकार के कार्यक्रमों से न सिर्फ साहित्यकारों और कलाकारों को मंच मिलता है, बल्कि युवाओं को भी अपने देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का एक शानदार अवसर प्राप्त होता है। ऐसे आयोजनों से समाज में एक नया जागरूकता और संवेदनशीलता उत्पन्न होती है, जो देश को एक सकारात्मक दिशा में ले जाती है। दूसरे दिन की प्रस्तुतियाँ भी उतनी ही आकर्षक और प्रभावशाली रहीं। 'बैतबाजी' ने श्रोताओं को गीतों और कविताओं की रसधारा में डुबो दिया, जहाँ राजीव सिंह और उनके समूह ने सूफी गायन से माहौल को रोमांचित कर दिया। 'शेरी नशिस्त' ने साहित्यिक संवाद का एक अनोखा अनुभव प्रदान किया, जिसमें पद्मश्री प्रो. अशोक चक्रधर, फरहत एहसास, मदन मोहन दानिश, कुँवर रंजीत चौहान, आलोक अविरल, जावेद मुशिरी, इमरान राही, नितिन कबीर और निजामत खुबाईब अहमद ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का दिल जीता। इसके अलावा, 'सुर-संध्या-गजल और लोक गायन' कार्यक्रम में पद्मश्री मलिनी अवस्थी और पं. धर्मनाथ मिश्रा ने अपनी गायकी और हारमोनियम के साथ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'सुर-साधना' में पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा की ताजगी भरी प्रस्तुतियों ने कला के प्रति श्रोताओं का प्रेम और भी गहरा कर दिया, जिसमें हारमोनियम की प्रस्तुति पंडित धर्मनाथ मिश्र और तबला प्रस्तुति पंडित शुभ महाराज ने दी। समापन समारोह में, कर्नल डॉ. अशोक कुमार ने अपने सैक्सोफोन से संगीत की एक नई धारा छोड़ी, जबकि पद्मविभूषण पं. हरि प्रसाद चौरसिया ने अपनी बाँसुरी के जादू से समापन किया। इस दौरान, पंडित शुभ महाराज ने इस कार्यक्रम ने आकर्षक तबला प्रस्तुति दी। संगीत, कविता और शास्त्रीय कला के हर पहलू को उजागर किया, जिससे पूरे आयोजन में एक अमिट छाप छोड़ी।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण हरे राम हरे राम...पर झूमे भक्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शनिवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत राधा रमन के 7वे दिन श्रीमान पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज के श्री मुख से अमृतवाणी से श्रीमद् भागवत कथा की वर्षा हुई। गोस्वामी जी ने बताया कि जीवन का परम लक्ष्य है कि थोड़ा नियम बनाकर संकीर्तन करें राधा रमण राधा रमण राधा रमण बोल जिस देश में जिस देश में प्रवेश करें उसमें रहूं राधा रमण राधा रमण राधा रमण कहूं में रेवक महाराज जी की एक लड़की थी जिसका नाम रेवती था अपनी कन्या का विवाह ढूंढने के लिए ब्रह्मलोक में ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और ब्रह्मा जी से पूछा कि कन्या का विवाह हमें करना है ब्रह्मा जी ने सुझाव दिया कि आप श्री बलराम जी के साथ कर दें फिर बलराम और रेवती जी की विवाह की विस्तृत वर्णन कथा के रूप में सुनाया। पांडव युधिष्ठिर अर्जुन की कथा कही सुभद्रा अर्जुन का विवाह की कथा सुनाई जिसमें भक्तों के मन भाव भिभोर हो उठा विदाई के प्रसंग में सभी के आँखों में आँसू आ गये। जगन्नाथ जी और सुदामा जी का प्रशंग को सुनाया जिस पर भक्त भाव भिभोर होकर आंशु झलक उठे। मार्कण्डेय जी की अन्तिम पंक्ति सुनते हिये श्रीमद भागवत को विश्राम दिया गया।

कुंभ वाइब्स वीकेंड फेस्टिवल में हुआ वीरों को नमन

- इंडियन आइडल से लोकप्रिय हुए फ्रेंडशिप बैंड ने सुनाए देशभक्ति के गीत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सहारागंज थ्री वीकेंड फेस्टिवल कुंभ वाइब्स की तीसरी कड़ी के रूप में शनिवार 25 जनवरी को वीरों को नमन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्लोगन और रंगोली प्रतियोगिता के साथ-साथ सम्मान समारोह भी हुआ। इस अवसर पर इंडियन आइडल से लोकप्रिय हुए फ्रेंडशिप बैंड ने देशभक्ति के गीत सुनाकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। आयोजन स्थल सहारागंज परिसर में, आगंतुकों ने महाकुंभ के प्रतीक के रूप में रखे विशाल कलश के साथ सेल्फी भी ली।

25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से वीरों को नमन कार्यक्रम का आयोजन सहारागंज में किया गया। इसमें स्लोगन कंपटीशन में प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत-विकसित भारत, गणतंत्र दिवस, तिरंगा जैसे विषयों पर स्लोगन लिख कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते। इसमें देवेना, देवेन्याना, अमन, मुस्कान, शौर्य ने एक से बढ़कर एक स्लोगन लिखकर प्रशंसा हासिल की।

इसी क्रम में राष्ट्रभक्ति पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता भी हुई। इसमें देवेना, देवेन्याना और मुस्कान ने केसरिया, सफेद और हरे रंग से सराबोर बेहतरीन रंगोलियां उकेर कर पुरस्कारों पर अपनी सशक्त दावेदारी पेश की। इस अवसर पर विभिन्न हस्तियों को सम्मानित भी किया गया। इस सम्मान समारोह में वाराणसी के स्वतंत्रता सेनानी जनजागृति कल्याण संस्थान के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय को सम्मानित किया गया। इस क्रम में पटना के शहीद बंसीधर पाण्डेय का सम्मान उनके परिजनों ने प्राप्त किया। आजमगढ़ निवासी शहीद बी. कुंवर सिंह के पुत्र अजय कुमार सिंह ने सम्मान ग्रहण किया। जौनपुर के शहीद लक्ष्मी शंकर यादव के पुत्र विजय कुमार यादव ने सम्मान प्राप्त किया। शहीद श्याम कुमार द्विवेदी के पुत्र मनोज कांत द्विवेदी ने सम्मान ग्रहण किया। स्वर्गीय कमला प्रसाद सिंह के पुत्र वाराणसी के स्वतंत्रता सेनानी जन जागृति कल्याण संस्थान के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने सम्मान प्राप्त किया। स्वतंत्रता सेनानी वेदनाथ प्रसाद के परिजनों ने सम्मान ग्रहण किया। स्वतंत्रता सेनानी शहीद पंडित गया प्रसाद शुक्ला और स्वतंत्रता सेनानी पंडित रुद्र नारायण दीक्षित का सम्मान अभिनव शुक्ला ने प्राप्त किया। संगीतमय प्रस्तुति के अंतर्गत इंडियन आइडल से लोकप्रिय हुए फ्रेंडशिप बैंड के कलाकारों ने देशभक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक तराने सुनाकर आगंतुकों को देश प्रेम से लबरेज कर दिया। उन्होंने संदेशे आते हैं, चक दे, मां तुझे सलाम, तू मेरा कर्मा जैसे लोकप्रिय नगमे सुनाए। इसमें मधुर देशभक्ति के गाने शिवम मिश्रा और श्रेया दीक्षित ने सुनाए जबकि ड्रम पर देव भट्ट, गिटार पर तालिब, कीबोर्ड योगेश सोनी, बेस गिटार पर देवाशीष और तबला-ढोलक पर अंकित कुमार ने बेहतरीन संगत देकर शाम को यादगार बना दिया।

कार्यालय जिला पंचायत देवरिया

पत्रांकः 860 / जि0पं0 / देवरिया

दिनांक- 25 जनवरी, 2025

ई-निविदा सूचना

समस्त जिला पंचायतो व राज्य सरकार के सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदार जो वर्ष 2024-25 लिये पंजीकृत है, को सूचित किया जाता है कि मा. अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति के क्रम में शासकीय अनुदान से परियोजनाओं ई-निविदा दिनांक-01.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 21.02.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल साइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई-निविदा दिनांक-21.02.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा। स्कैन कापी की मूल प्रतियां निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में कराना होगा। शेष नियम व शर्त पूर्वत है जो ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

No.	Tender Published Date and Time	Tender Sale Start Date and Time	Tender Sale End Date and Time	Tender Opening Date and Time
1	2	3	4	5
1	01-02-2025 11.00 AM	01-02-2025 11.00 AM	21-02-2025 12.00 PM	21-02-2025 03.00PM

(जयविन्द कुमार सिंह)
अभियन्ता
जिला पंचायत, देवरिया

(अर्जुन सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, देवरिया

(गिरीश चन्द्र तिवारी)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, देवरिया

कोहरे के कारण 5 फरवरी तक निरस्त रहेंगी 24 ट्रेनें, यात्री परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य परिचालनिक कारणों से 24 सवारी गाड़ियां निरस्त रहेंगी। इनमें छपरा कचहरी से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55105 छपरा कचहरी-थावे सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। थावे से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55106 थावे-छपरा कचहरी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। थावे से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55107 थावे-कप्तानगंज सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। कप्तानगंज से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55108 कप्तानगंज-थावे सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55035 सीवान-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

गोरखपुर कैंट से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55036 गोरखपुर कैंट-सीवान सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55037 सीवान-थावे सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। थावे से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55038 थावे-सीवान सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55098 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। नरकटियागंज से 27 जनवरी से 06 फरवरी तक चलने वाली 55097 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। बढ़नी से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55074 बढ़नी-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 27 जनवरी से 06 फरवरी तक चलने वाली 55073 गोरखपुर-बढ़नी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

गोरखपुर से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55056 गोरखपुर-छपरा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। छपरा से 26 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55055 छपरा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 05 फरवरी तक चलने वाली 55093/55031 गोरखपुर-गोंडा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोंडा से 05 फरवरी तक चलने वाली 55094/55032 गोंडा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोंडा से 05 फरवरी तक चलने वाली 55091 गोंडा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर सिटी से 05 फरवरी तक चलने वाली 55092 सीतापुर सिटी-गोंडा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोंडा से 05 फरवरी तक चलने वाली 55033 गोंडा-सीतापुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर से 05 फरवरी तक चलने वाली 55034 सीतापुर-गोंडा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर से 05 फरवरी तक चलने वाली 55059 सीतापुर-शाहजहांपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। शाहजहाँपुर से 05 फरवरी तक चलने वाली 55060 शाहजहांपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

रि-शिड्यूलिंग के तहत चलेंगी ट्रेनें: रेलवे प्रशासन द्वारा महाकुम्भ के दौरान निम्नलिखित गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं रि-शिड्यूलिंग किया जायेगा।

निरस्तीकरण के तहत उधना से 28 जनवरी को चलने वाली 20961 उधना-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 29 जनवरी को चलने वाली 20962 बनारस-उधना एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत गाजीपुर सिटी से 27 से 30 जनवरी तक चलने वाली 65117 गाजीपुर सिटी-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस प्रयागराज संगम के स्थान पर फाफा मऊ जं. स्टेशन पर 09.20 बजे यात्रा समाप्त करेगी। प्रयागराज संगम से 27 से 30 जनवरी तक चलने वाली 65118 प्रयागराज संगम-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस प्रयागराज संगम के स्थान पर फाफा मऊ जं. स्टेशन से 18.00 बजे चलाई जायेगी। रि-शिड्यूलिंग के तहत गोरखपुर से 29 एवं 31 जनवरी को चलने वाली 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर से 06.40 बजे के स्थान पर 210 मिनट रि-शिड्यूल कर 10.20 बजे चलाई जायेगी। छपरा से 30 जनवरी को चलने वाली 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस छपरा से 05.45 बजे के स्थान पर 210 मिनट रि-शिड्यूल कर 09.15 बजे चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 30 जनवरी को चलने वाली 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 13.50 बजे के स्थान पर 210 मिनट रि-शिड्यूल कर 17.20 बजे चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 30 जनवरी को चलने वाली 22584 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 16.35 बजे के स्थान पर 180 मिनट रि-शिड्यूल कर 19.35 बजे चलाई जायेगी।

बलिया से 31 जनवरी को चलने वाली 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस बलिया से 12.45 बजे के स्थान पर 150 मिनट रि-शिड्यूल कर 15.15 बजे चलाई जायेगी। बनारस से 29 एवं 30 जनवरी को चलने वाली 11108 बनारस-ग्वालियर एक्सप्रेस बनारस से 16.30 बजे के स्थान पर 210 मिनट रि-शिड्यूल कर 20.00 बजे चलाई जायेगी। टनकपुर से 30 जनवरी को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस टनकपुर से 11.25 बजे के स्थान पर 180 मिनट रि-शिड्यूल कर 08.25 बजे चलाई जायेगी। टनकपुर से 29 जनवरी को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस टनकपुर से 11.25 बजे के स्थान पर 180 मिनट रि-शिड्यूल कर 08.25 बजे चलाई जायेगी।

रेल राज्य मंत्री ने अयोध्या धाम जं. स्टेशन किया निरीक्षण

- स्टेशन पर व्यवस्थाओं को देख की सराहना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेल एवं जलशक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना का उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अयोध्या धाम जं. स्टेशन पर शनिवार को पहुंचे। स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने उनका स्वागत किया। अपने इस निरीक्षण के दौरान रेल राज्यमंत्री ने मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ नवनिर्मित अयोध्या धाम जं.स्टेशन का अवलोकन किया तथा अयोध्या के आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व का उल्लेख करते हुए इस स्टेशन की आधारभूत संरचना एवं यहां पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्होंने महाकुंभ के सफल एवं सुचारु आयोजन में भारतीय रेल की भूमिका का उल्लेख करते हुए रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संकल्पित और प्रतिबद्ध कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। रेल राज्यमंत्री ने इस अवसर पर स्टेशन पर उपस्थित मीडिया कर्मियों के साथ संवाद भी किया।

रेलराज्यमंत्री ने इस अवसर पर अवगत कराया कि भारतीय रेल का निरंतर चलायमान चक्र आधुनिक और सशक्त भारत की गाथा का यशोगान करता है। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है तथा सभी रेलकर्मियों का यह परम कर्तव्य है कि वे सभी अपने निष्ठित प्रयासों से आमजन में रेलयात्रा के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने का कार्य करें तथा देश की चहुंमुखी उन्नति में अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह एवं लाल जी चौधरी सहित सभी विभागों के शाखाध्यक्ष अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्यपाल कल करेंगी आईएससीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 27 जनवरी को मालवीय हॉल में प्रातः 10.00 बजे 30वें आईएससीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईएससीबीसी 2025) का उद्घाटन करेंगी। यह सम्मेलन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय के संरक्षण में लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग और इंडियन सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्स एंड बायोलॉजिस्ट्स द्वारा 27 से 29 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष का सम्मेलन ?रासायनिक, जैविक और औषधि विज्ञान में वर्तमान रुझानः स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रभाव? विषय पर चर्चा करेगा और अत्याधुनिक शोध पर चर्चा करने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के कई क्षेत्रों में प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच बनने का वादा करता है। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करता है आमंत्रित व्याख्यानों के चौबीस सत्र होंगे, जिनमें 94 वक्ता होंगे और दो पोस्टर सत्र होंगे, जिनमें 118 पोस्टर प्रस्तुत किए जाएंगे। यह सम्मेलन विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा, हमारा लक्ष्य सतत विकास से लेकर स्वास्थ्य, पर्यावरण और दवा खोज तक हमारे समय के कुछ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करना है।

शुभ योग में साल का पहला सोम प्रदोष व्रत कल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। वैसे तो रोजाना घरों में भोलेनाथ की पूजा की जाती है, लेकिन प्रदोष तिथि विशेष है। मान्यता है कि इस दिन महादेव की पूजा करने से साधक के जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है, साथ ही भाग्य में भी वृद्धि होती हैं। यह व्रत हर माह के कृष्ण और शुक्ल दोनों पक्षों की त्रयोदशी तिथि को रखा जाता है जिसकी पूजा प्रदोष काल में की जाती है।

हिंदू धर्म में भोलेनाथ को शक्ति का प्रतीक माना जाता है, कहा गया है कि यदि सच्चे भाव से प्रदोष तिथि पर महादेव का दूध से अभिषेक किया जाए, तो मन से सभी तरह के डर भय समाप्त होते हैं। वहीं अगर प्रदोष तिथि सोमवार के दिन पड़ती हैं तो इसे शुभ संयोग में गिना जाता है, क्योंकि दोनों ही दिन भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए उत्तम माने जाते हैं। दरअसल, वर्तमान में माघ माह जारी है और इस माह में सोमवार 27 जनवरी को प्रदोष व्रत रखा जाएगा जो बेहद खास है, ऐसे में आइए इस दिन की पूजा विधि के बारे में जानते हैं। पंचागं के अनुसार माघ माह के कृष्ण पक्ष की

त्रयोदशी तिथि की शुरूआत 26 जनवरी के दिन रात 8 बजकर 54 मिनट पर होगी, इस तिथि का समापन 27 जनवरी को रात 8 बजकर 34 मिनट पर होगा। ऐसे में 27 जनवरी 2025 को प्रदोष व्रत रखा जाएगा, इस दिन सोमवार होने के कारण इसे सोम प्रदोष कहा जाएगा।

सोम प्रदोष व्रत 2025 मुहूर्तः ज्योतिषियों की मानें तो 27 जनवरी को सोम प्रदोष व्रत के दिन महादेव की पूजा के लिए मुहूर्त शाम 5 बजकर 56 मिनट से रात 8 बजकर 34 मिनट तक रहने वाला है, आप इस अवधि में महादेव की आराधना कर सकते हैं।

सोम प्रदोष व्रत का शुभ योगः इस साल माघ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर मूल नक्षत्र बन रहा है, जो रात 09ः 02 मिनट तक रहेगा, इस दौरान हर्षण योग भी बनेगा।

सोम प्रदोष व्रत का महत्वः सोम प्रदोष के दनि भोलेनाथ के अभिषेक रुद्राभिषेक और श्रृंगार का वशिष महत्व है। इस दनि सच्चे मन से भोलेनाथ की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। लड़का या लड़की की शादी-विवाह की अड़चनें दूर होती है। संतान की इच्छा रखने वाले लोगों को इस दिन पंचगव्य से महादेव का अभिषेक करना चाहिए। वहीं ऐसे जातक जन्हिें लक्ष्मी प्राप्ति और करयिर में सफलता की कामना हो, उन्हें दूध से अभिषेक करने के बाद शिवलिंग पर फूलों की माला अर्पित करनी चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से भोलेनाथ अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

प्रदोष व्रत पूजा विधिः प्रदोष व्रत की पूजा करने के लिए सबसे पहले एक चौकी लें और उसपर महादेव की मूर्ति या तस्वीर स्थापित कर दें। अब भगवान शिव को गंगाजल चढ़ाएं। इसके बाद अक्षत, बेलपत्र, चंदन, फूल, फल, भांग, शहद, धूप, दीप आदि अर्पित करें। इस दौरान पंचाक्षर ॐ नमः शिवाय का जाप करते रहें। अब शिव चालीसा का पाठ करें। फिर कपूर या घी के दीपक से भगवान शिव की आरती करें। पूजा के अंत में संतान के लिए प्रार्थना करें और यदि पूजा में कोई गलती हुई है तो उसकी क्षमा मांगें।

श्री झुंझुनू वाली दादी जी का डोली उत्सव आज

लखनऊ। महानगर स्थित श्री दादी जी डोली उत्सव में 311 सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा मंगल कलश यात्रा सुबह ग्यारह बजे हनुमान मंदिर, निकट महानगर सिविल अस्पताल, मन्दिर मार्ग प्रारभ होकर कार्यक्रम स्थल पर सम्पन्न श्री कल्याण मण्डप महानगर में संपन्न होगी। वही दिनेश अग्रवाल मेघदूत ने बताया कि नारायणी चरित्र मानस पाठ की भावपूर्ण मधुर वाणी में पाठ सुबह एक बजे से आरम्भ होकर शाम तक चलेगा कार्यक्रम मध्य दो वर वधु को पवित्र परिणय बंधन में पिरोया जाएगा। डोली उत्सव कार्यक्रम में श्री दादी जी मित्र मंडल लखनऊ के अनुराग साहू, दिनेश मेघदूत अग्रवाल, महेश गर्ग, सतीश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल मेघदूत, जय गर्ग, रूपेश अग्रवाल, सहयोग प्रदान कर रहे है।

बीबीएयू में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शनिवार को 20 यू. पी.गर्ल्स बटालियन, 67 यू. पी. बटालियन, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं खेल अनुभाग के सयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी एवं कर्नल पुनीत श्रीवास्तव, कमान अधिकारी 67 यू. पी. बटालियन के दिशानिर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर कार्यक्रम संयोजक और एसोसिएट एनसीसी आधिकारी ले. (डा.) मनोज कुमार डडवाल एवं 67 यू.पी. बटालियन से हवलदार आनन्द प्रताप सिंह उपस्थित रहे। जागरूकता अभियान के दौरान एन.सी. सी. कैडेट्स ने विश्वविद्यालय परिसर में रैली निकाली और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक ले. (डा.) मनोज कुमार डडवाल ने चर्चा के दौरान कहा कि विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाने लगा। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके मतदान जैसे संवैधानिक अधिकार के प्रति जागरूक करना है। समस्त कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

पी सेन गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्य के खिलाफ शिक्षकों का विरोध जारी

लखनऊ। लुआक्टा के आह्वान पर ए पी सेन गर्ल्स पी जी कालेज, लखनऊ की प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्तव के तानाशाही एवं शिक्षक उत्पीड़न के विरुद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयो के शिक्षक साथियो द्वारा दूसरे दिन भी किया गया आंदोलन, आंदोलन के दूसरे दिन शनिवार को काला फीता बांधकर किया गया विरोध। शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालय के शिक्षक साथियो द्वारा काला फीता बांधकर ए पी सेन मेमोरियल गर्ल्स महाविद्यालय, लखनऊ की शिक्षिकाओं का विभिन्न प्रकार से हो रहे उत्पीड़न, नियम विरुद्ध वेतन कटौती, मनमाने तरीके से अवकाश परिवर्तन, अकारण नोटिस एवं धमकी तथा कई अन्य तरीके से शिक्षिकाओं को प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्त्व द्वारा किये जा रहे उत्पीड़न का विरोध किया गया। दूसरे दिन के आंदोलन में शिक्षक साथियो द्वारा संगठन के निर्णय के अनुसार महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्त्व द्वारा किये जा रहे उत्पीडन का विरोध किया गया, संगठन द्वारा निर्णय लिया गया कि यदि महाविद्यालय में उत्पीड़न एवं तानाशाही पर लगाम न लगा तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। लुआक्टा अध्यक्ष डा मनोज पांडेय एवं महामन्त्री डा अंशु केडिया द्वारा सभी शिक्षक साथियो का लगातार दो दिनों तक आंदोलन का समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया गया, एवं शिक्षक साथियो को विश्वास दिलाया कि समस्या के समाधान के लिए कड़े कदम उठाने मे संगठन कभी पीछे नही हटेगा। सूच्य है कि शिक्षक साथीयों द्वारा काले फीते के साथ दो दिनों तक अपने शैक्षिक एवं परीक्षा संबंधित कार्य का निष्पादन किया गया।

अभाविप लखनऊ दक्षिण के यूथोपिया कार्यक्रम का समापन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ दक्षिण के कैंट नगर इकाई द्वारा नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय ?यूथोपिया? कार्यक्रम का समापन गायन प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छावनी परिषद लखनऊ के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर रहे, जिन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, और साथ ही साथ विद्यार्थियों को अपने टैलेंट के अनुरूप करियर चुनने की सलाह दी। मुख्य वक्ता अभाविप राष्ट्रीय कला मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अभिनव दीप ने युवाओं को अपनी कला और संस्कृति के संरक्षण हेतु जागरूक किया, और कहा की राष्ट्रीय कला मंच एक ऐसा मंच है जहां पर विद्यार्थियों को मौका मिलता है अपने अकेले हुनर दिखाने के लिए, साथ ही स्टूडेंट फिल्म फेस्टिवल के बारे में भी बताया। नगर मंत्री कुमारी अंशिका सिंह ने छात्रों को प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में 70 से अधिक छात्रों ने रैंप वॉक, डांसिंग, सिंगिंग और आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, ?जीत और हार तो क्षणिक होती है, लेकिन भागीदारी अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। आपको दूसरों से नहीं, बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। जब आप पीछे मुड़कर देखेंगे, तो आपको एहसास होगा कि आप कितनी दूर तक आ चुके हैं। आगे प्रतिभागी छात्रों को संबोधित करते हुए अंशिका ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेना ही आपके आत्मविश्वास और कौशल को निखारने का एक बड़ा माध्यम है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी उत्साह और ऊर्जा के साथ अपनी प्रतिभा को निखारने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

आर.ए. बाजार माध्यमिक विद्यालय की प्रचार्या पूनम ठाकुर जी ने समरोप कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवयुग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं मतदाता दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने अपने विचार रखें और बताया राम कृष्ण की इस जन्म भूमि ने भारत की संस्कृति को एक नई दिशा और नया आयाम दिया है, जिसकी खुशबू पूरे विश्व मे फैल गई है। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, कविता आदि में भाग लिया रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता सिंह एवं प्रवक्ता डॉ चंदन मौर्य ने अवधी गीत एवं अर्थशास्त्र विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर अंजुला कुमारी ने ब्रजभाषा में गीत गाकर माहौल को बहुत खुशनुमा कर दिया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सीमा पांडे द्वारा किया गया साथ में उन्होंने राज्य से संबंधित कई सारी महत्वपूर्ण जानकारियां भी छात्राओं के साथ साझा की। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने उद् ?बोधन में बताया कि हमें हमेशा अपने देश, प्रदेश अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। आज बीमारू राज्य से हमारा प्रदेश एक सशक्त राज्य बन गया है हमारे प्रदेश की औसतन आय भी लगातार बढ़ती चली जा रही है। प्राचार्य ने अवधी गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध भी कर दिया।

कन्याकुमारी से बनारस के बीच चलेगी कुंभ स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु दक्षिण रेलवे द्वारा काशी तामिल संगमम्-3.0 विशेष ट्रेन चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। फलस्वरूप 06195 कन्याकुमारी-बनारस काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 13 फरवरी को कन्याकुमारी से तथा 06196 बनारस-कन्याकुमारी काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 20 फरवरी को बनारस से 01 फेरे के लिए चलाई जायेगी।

06195 कन्याकुमारी-बनारस काशी तमिल संगमम्-विशेष गाड़ी 13 फरवरी को कन्याकुमारी से 23.00 बजे प्रस्थान कर नागरकोविल जं. से 23.32 बजे, दूसरे दिन वल्लियूर से 00.02 बजे, तिरुनेलवेली जं. से 00.50 बजे, कोविलपट्टि से 01.52 बजे, सात्तूर से 02.15 बजे, विरुदुनगर जं. से 02.47 बजे, मदुरै जं. से 04.00 बजे, दिंडुक्कल जं. से 05.10 बजे, तिरुच्चिराप्पल्लि जं. से 06.20 बजे, तंजाबूर से 07.57 बजे, कुंभकोणम से 08.57 बजे, मयिलाडुतुरै से 09.27 बजे, चिदम्बरम से 10.10 बजे, केडलूर पोर्ट से 10.50 बजे, विल्लुपुरम से 12.12 बजे, मेलमरूवतुर से 13.14 बजे, चेंगलपट्टु जं. से 13.47 बजे, ताम्बरम से 14.17 बजे, चेन्नई एग्मोर से 14.35 बजे, नेल्लूर से 17.30 बजे, ओंगोल से 18.55 बजे, विजयवाड़ा जं. से 21.05 बजे, तीसरे दिन वरंगल से 00.30 बजे, बल्हारशाह से 06.55 बजे, चन्द्रपुर से 07.18 बजे, नागपुर से 10.40 बजे, इटारसी से 16.05 बजे, पिपरिया से 17.05 बजे, नरसिंहपुर से 18.05 बजे, जबलपुर से 19.30 बजे, कटनी से 20.50 बजे, मैहर से 21.45 बजे, सतना से 23.00 बजे, चौथे दिन मानिकपुर से 00.47 बजे, प्रयागराज छिवकी से 02.45 बजे, मिजार्पुर से 04.30 बजे तथा चुनार से 05.25 बजे छूटकर बनारस 07.15 बजे पहुंचेगी।

06196 बनारस-कन्याकुमारी काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 20 फरवरी को बनारस से 04.20 बजे प्रस्थान कर चुनार से 06.12 बजे, मिजार्पुर से 06.42 बजे, प्रयागराज छिवकी से 08.55 बजे, मानिकपुर से 11.10 बजे, सतना से 12.45 बजे, मैहर से 13.15 बजे, कटनी से 14.15 बजे, जबलपुर से 16.30 बजे, नरसिंहपुर से 17.32 बजे, पिपरिया से 19.02 बजे, इटारसी से 21.10 बजे, दूसरे दिन नागपुर से 04.00 बजे, चन्द्रपुर से 08.30 बजे, बल्हारशाह से 09.15 बजे, वरंगल से 12..10 बजे, विजयवाड़ा जं. से 15.40 बजे, ओंगोल से 17.40 बजे, नेल्लूर से 19.10 बजे, तीसरे दिन चेन्नई एग्मोर से 00.10 बजे, ताम्बरम से 00.30 बजे, चेंगलपट्टु जं. से 01.02 बजे, मेलमरूवतुर से 01.34 बजे, विल्लुपुरम से 02.35 बजे, केडलूर पोर्ट से 03.30 बजे, चिदम्बरम से 04.02 बजे, मयिलाडुतुरै से 04.35 बजे, कुंभकोणम से 05.02 बजे, तंजाबूर से 06.15 बजे, तिरुच्चिराप्पल्लि जं. से 07.40 बजे, दिंडुक्कल जं. से 08.57 बजे, मदुरै जं. से 10.10 बजे, विरुदुनगर जं. से 10.52 बजे, सात्तूर से 11.12 बजे, कोविलपट्टि से 11.30 बजे, तिरुनेलवेली जं. से 13.02 बजे, वल्लियूर से 13.34 बजे तथा नागरकोविल जं. से 14.12 बजे छूटकर कन्याकुमारी 15.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 08, जनरेटर सह लगेजयान का 01 तथा एलएसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 18 एल.एच.बी. कोच लगाये जायेंगे।

लविवि द्वितीय परिसर में वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर इकाई द्वारा खेल कुंभ पर वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिसा लिया। जिला संयोजक अमन सिंह चंदेल ने कहा खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। इसके साथ ही, खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, संघटना, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है। खेल का महत्व सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य की ही सीमा नहीं होता है, बल्कि यह हमारे मनोविज्ञानिक विकास के लिए भी आवश्यक है। खेल खेलने से हमारा मन ताजगी और सक्रियता से भर जाता है। यह हमारी मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है और हमें खुश और स्वस्थ रखता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 59 कैटेगरी में अंश कूलर, 65 कैटेगरी में आदित्य, 75, 80 कैटेगरी में पंकज यादव और हैदर वही 95 कैटेगरी में दीप सिंह ने 220 वजन उठा कर बाजी मारी। इन सभी प्रतिभागियों को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के कुलानुशासक प्रो. मोहम्मद अहमद ने सर्टिफिकेट और मैडल दे कर प्रोत्साहित किया इस कार्यक्रम के निर्णायक भूमिका में शिवम कुमार, देवांश पांडे और जीत सिंह रहे इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष सिद्धार्थ तिवारी, शेष मणि सिंह, सानिध्य मिश्रा आदि सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अधिकार ही नहीं, कर्तव्य की भी याद दिलाता है वोट : रिणवा

- 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- प्रदेश के 7 जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं एक एसएसपी हुए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड से सम्मानित
- प्रदेश के 26 जिलों के 55 बीएलओ हुए बेस्ट बीएलओ अवार्ड से सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस भारतीय लोकतंत्र की शक्ति और हमारे नागरिकों की जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस वर्ष की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' यानी न केवल हमारे अधिकार की बल्कि हमारे कर्तव्य की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्रत्येक नागरिक को 18वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मतदान का अधिकार मिलता है। अब वर्ष में चार मौके मतदाता सूची में नाम जोड़ने को मिलते है। युवाओं व महिलाओं को मतदाता सूची में फॉर्म-6 के माध्यम से पहला कदम बढ़ाना है।

उक्त उद्गार मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठा ने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर व्यक्त किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ 35 लाख से अधिक मतदाता है, जोकि कई देशों की जनसंख्या से अधिक है। मतदाता सूची में और अधिक सुधार, इसमें बीएलओ की अहम भूमिका होती है। इस मौके पर मडलायुक्त डा. रोशन जैकब ने कहा कि ऐसे मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों से घर जाकर हम सबको अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करना चाहिये। हर परिवार के मुखिया को मतदाता सूची में अपने सदस्यों का नाम चेक करना चाहिये। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पंजीकरण और जागरुकता के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना करती हूं।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 7 जिला निर्वाचन अधिकारियों को बेस्ट ईलेक्टोरल प्रेक्टिस अवार्ड की घोषणा की गयी, जिसमें जनपद ललितपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय, गौतम बुद्ध नगर के मनीश कुमार वर्मा तथा तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी कानपुर नगर के राकेश कुमार सिंह, सहारनपुर के डा. दिनेश चंद्र, मुजफ्रनगर के अरविन्द मल्लप्पा बांगरी, फतेहपुर की सी. इंदुमती शामिल है, साथ ही कार्यक्रम में गाजियाबाद के तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह को सम्मानित किया गया।

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री डा. सुशील सम्राट (पत्रकार)
प्रदेश अध्यक्ष
परशुराम सेवा समिति उ.प्र.

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब हाजी अजीम वारसी
एवन मीडिया (हमीद फ्लैक्स)
तिकोनियां, इटावा।

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रिषी पोरवाल
एडवोकेट- जीएसटी/इन्कम टैक्स
जिला महामंत्री-उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ.प्र.
पता- जिला परिषद कोतवाली चैराहा, इटावा

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब साजिद अली अशरफी
शहर अध्यक्ष- समाजवादी
अल्पसंख्यक सभा, इटावा

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब शाहनवाज अतहर
प्रधानाचार्य
अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाईस्कूल तिकोनियां, इटावा

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद इदरीश अंसारी
अध्यक्ष-बुनकर समाज
आलमपुरा, इटावा

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब रियाज अहमद — युवा जिलाध्यक्ष
श्री आलोक दीक्षित — जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल
उत्तर प्रदेश (पजी.), इटावा

प्रशान्त फाउंडेशन, इटावा परिवार की ओर से समस्त प्रदेश एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत- बहुत बधाई एवं हार्दिक मंगलमयी शुभकामनाएं

श्री मान सिंह यादव — संरक्षक
डॉ. हेमन्त यादव — राष्ट्रीय अध्यक्ष, पर्यावरणविद् समाजसेवी

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. चौ. शंकर दयाल दीक्षित
स्मारक संस्थान, इटावा
प्रतिदिन मोतियाबिंद का ऑपरेशन
निर्धनों के लिए नि:शुल्क ऑपरेशन

मंत्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित
एडवोकेट
पता- ठाकुर जी राधाकृष्ण मंदिर, श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर, इटावा

भारत सरकार
NIELIT NSDA NCPUL
O' Level DCA CCC TALLY
SIIT शम्सी इनस्टीट्यूट ऑफ इन्फारमेशन टैक्नॉलोजी
206, कटरा सेवाकली, बजरिया, इटावा
गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. तारिक शम्सी
इटावा

76वां गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर
जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डा. श्री सौरभ दीक्षित
पूर्व चेयरमैन
नगर पंचायत इकदिल
भारतीय जनता पार्टी यूथ मोर्चा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश

कार्यालय नगर पंचायत परशदेपुर, (रायबरेली)

राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस 2025 के शुभ अवसर पर सभी नगर वासियों को हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ

जनहित में अनुरोध-

1. नगर विकास हेतु अपने बकाया करों का अतिशीघ्र भुगतान करें।
2. नगर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने हेतु कृपया अपने घरों का कूड़ा इधर-उधर न फेंके, अपितु नियत स्थल पर रखे कूड़ेदान का प्रयोग करें।
3. मा. न्यायालय के आदेशानुसार पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित है। कृपया पॉलीथीन का प्रयोग न करें और न ही नालियों में पॉलीथीन/कूड़ा आदि फेंके।
4. नगर को हरा-भरा रखने हेतु रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण कराएं।
5. सड़क पटरी, नाली पुलियों पर अतिक्रमण न करें इससे जहाँ आवागमन में व्यवधान होता है वहीं दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं बढ़ जाती है।
6. पेयजल का अनावश्यक अपव्यय न करें नगर पंचायत की सम्पत्ति आपकी है अतः कृपया स्ट्रीट लाइट नलों की टोटियों एवं हैण्डपम्पों को क्षति न होने दें।
7. सड़े-गले कटे फलों का सेवन न करें।
8. कृपया जन्म-मृत्यु का पंजीयन निर्धारित अवधि में कराकर अनावश्यक परेशानियों से बचे।
9. अपने सुझाव एवं शिकायत से हमें अवश्य अवगत कराएँ ।
10. नगर पंचायत परशदेपुर में किसी भी शिकायत आदि की समस्या के लिए 1533 पर संपर्क स्थापित कर सकते है।

(निमिषा भारद्वाज) — अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत परशदेपुर
(विनोद कुमार कौशल) — अध्यक्ष, नगर पंचायत परशदेपुर

सम्मानित सदस्यगण
1. श्रीमती तारा देवी, 2. श्री संदीप मोदनवाल 3. श्रीमती ज्ञानमती 4. श्री जगदीश प्रसाद 5. श्री मो. निहाल खान 6. श्री मो. मुर्तजा अंसारी 7. श्री सैयद हैदर नकी, 8. श्रीमती आसमा बानो, 9. श्रीमती कंचन जायसवाल 10. श्री प्रभाकर मिश्रा

कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, इटावा

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त विद्यार्थियों एवं जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सत्येन्द्र कुमार वर्मा — अध्यक्ष प्रबन्ध समिति
ओमकारनाथ वर्मा — मंत्री प्रबन्धक समिति
प्रो. डा. महेन्द्र सिंह — प्राचार्य
एवं
महाविद्यालय परिवार

देशवासियों व जनपदवासियों को 76वां गणतन्त्र दिवस की शुभकामनाएं
जनपद इटावा को क्षय रोग मुक्त बनाने में आपसे सहयोग उपेक्षित है।

डा. शिव चरण हैंब्रम
रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने अमावां ब्लॉक के रसेहता, पिंडारी खुर्द और दुसौती गांव में लगभग 1000 कम्बल वितरित किए। उन्होंने इसके दृष्टिगत दिव्यांगजनों, निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों व जरुरतमंदों को कंबल वितरण दौरान कहा कि आम जनमानस की सेवा ही परम कल्याणकारी सेवा है। उन्होंने कहा कि जीवन का लक्ष्य दूसरों का हित करके पुण्य लाभ अर्जित करना है जिससे लोक पर लोक दोनों में यश और कीर्ति की प्राप्ति हो सके। उन्होंने उपस्थित जनता जनार्दन का कुशलक्षेम जाना। शहर क्षेत्र के मुंशीगंज में भीम नगर, कोरियन टोला और नई बस्ती में लगभग 300 कम्बल सदर विधायक द्वारा वितरित किया गया। ठंड के दृष्टिगत दिव्यांग जनों, निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों व जरुरतमंदों को वितरित किया और उपस्थित जनता ए के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शहर क्षेत्र के ज्योतिबा नगर मोहल्ले के समाजसेवी कार्यकर्ता स्व. रवि सोनकर के तेरहवीं कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलायी मतदाता शपथ

रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में उद्बोधन एवं गीत की प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले स्कूल के बच्चों को प्रमाण पत्र, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर व बीएलओ को प्रशस्ति पत्र, दिव्यांग मतदाताओं, रंगोली प्रतियोगिता मतदाता दिवस के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा नये युवा मतदाता को वोटर ईपिक कार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। क्योंकि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुयी थी।

आरसेटी के तहत बीसी सखियों को दी जा रही रिफ्रेशर ट्रेनिंग

अमेठी। जिले के बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र गौरीगंज द्वारा जिले के ग्राम सभा में कार्यरत बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग (पुनर्श्वर्या प्रशिक्षण) दिया जा रहा है। यह ट्रेनिंग जिले के आईटीआई कालेज गौरीगंज में दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आरसेटी के प्रभारी अनिल कुमार व प्रकाश जायसवाल और सी.एस.सी ई गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक बैंकिंग पवन शर्मा द्वारा दिया जा रहा है। साथ ही बीसी सखी के साथ सी.एस.सी ई गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक बैंकिंग पवन शर्मा द्वारा और सर्वेश कुमार, व अभिषेक कुमार द्वारा ट्रांजैक्शन को बढ़ाने के साथ अन्य योजनाओं को विस्तार से हर खाताधारकों तक पहुंचाने के गुण बताए। साथ ही साथ समस्त बीसी सखी अपने क्षेत्र के समस्त व्यक्तियों को बैंक से जोड़े और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा, अटल पेंशन योजना के लाभ से जोड़े। आज जिले के मुसाफिरखाना तहसील के 3 विकास खंड जगदीशपुर, शुकुल बाजार व मुसाफिरखाना में कार्यरत बीसी सखिंयो का प्रशिक्षण दिया गया। आज 105 बी सी उपस्थित होकर पहले 2 दिन का प्रशिक्षण लिया। इस अवसर डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है। इस ट्रेनिंग से व्यक्ति की स्मृति ताजा होती है और उस विषय पर ज्ञान बढ़ता है। उन्होंने बताया कि आज तृतीय बैच पूर्ण हुआ है जिसमें मुसाफिरखाना तहसील के जगदीशपुर, शुकुल बाजार व मुसाफिरखाना की बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है।

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। नेहरू युवा केंद्र की तरफ से दो दिवसीय खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को शाहपुर लपटा खेलमैदान में किया गया। इसमें लड़कों की 100 व 1600 मीटर की दौड़, वालीबॉल, कुश्ती व लड़कियों की 200 मीटर की दौड़, कबड्डी, 500 मीटर साइकिल रेस की स्पधाएं कराई गई। नेहरू युवा केन्द्र सुलतानपुर के तत्वावधान में शनिवार को शाहपुर लपटा खेल मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में अबिनाश प्रथम, अनीश द्वितीय व प्रिंस तृतीय स्थान पर रहा। 200 मीटर दौड़ में लड़कियों में प्रथम महिमा गुप्ता, सुषमा चैहान द्वितीय व रोशनी चैहान तृतीय स्थान पर रही। वहीं, लड़कों की 1600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर अमन चैबे, द्वितीय स्थान पर चंचल व तृतीय स्थान पर मोहित, लड़कियों में साइकिल रेस में प्रथम सोनाली, द्वितीय कामिनी पाण्डेय और तृतीय विनीता निषाद रही। इसी तरह से वॉलीबॉल में प्रथम स्थान पर गोरसरी व द्वितीय स्थान पर राममिलन मिश्र इंटर कॉलेज की टीम रही। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अंकित मिश्र ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को किट, ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान माँ शारदा इंटर कॉलेज के प्रबंधक चंद्रभानु मिश्र, प्रधान जयप्रकाश यादव, आदित्य तिवारी, रमेश शुक्ल, फूलराज सिंह, अनिल दुबे आदि मौजूद रहे।

एसजेएस लालगंज में किडोस पैरेंट्स फिएस्टा का हुआ भव्य आयोजन

लालगंज, रायबरेली। नगर के अग्रणी व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बच्चों के साथ अभिभावकों की अनूठी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के साथ अभिभावक खेल के मैदान में उतरे तो उनके बचपन की यादें ताजा हो गईं। इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त गुब्बारे उड़ाते हुए मशाल जलाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में प्ले-ग्रुप से कक्षा दो तक के बच्चों व उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अंब्रेला रेस, पेस्ट्री रेस, हैंड कप और नेकलेस रेस, ड्रेस अप रेस, जलेबी रेस तथा सुई धागा रेस सहित एक दर्जन से अधिक खेलों का आयोजन किया गया। इन सभी खेलों में बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सभी खेलों में महिला अभिभावकों ने पुरुष अभिभावकों से ज्यादा पदक और उपहार प्राप्त किये। कार्यक्रम के इस अवसर पर समूचा विद्यालय प्रांगण नए उल्लास व करतल ध्वनि से गुंजायमान रहा। इस अनूठे आयोजन में अभिभावक सभी प्रकार के तनाव और चिंताओं से मुक्त अपने बच्चों संग खेलते नजर आए। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबन्ध-समिति से प्रत्येक वर्ष ऐसे ही रोचक आयोजन कराने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ गगनदीप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीव कुमार सिंह व अंजलि सिंह ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बौद्धिक विकास व शारीरिक विकास को एक दूसरे का पूरक बताया। मुख्य अतिथि बीडीओ गगनदीप सिंह, विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह, सह-प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह, प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने सभी विजेता बच्चों और उनके अभिभावकों को पदक और उपहार देकर सम्मानित किया।

कोटे की दुकान की हुई जांच, कार्यवाही शून्य अन्य विभाग से जांच करवाने की उठी मांग

गौरीगंज, अमेठी। प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार जहां राशन की घटतोली को रोकने के लिए ईपास मशीन लागू तो जरूर कर दिया है लेकिन कोटेदार घटतौली करने से बाज नहीं आ रहें हैं शिकायत व जाँच के बाद भी अधिकारी खाऊ कमाऊ नीति के चलते कार्यवाही करने से बचते है। नया मामला मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड जगदीशपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा सिरयारी का है। जहां ग्रामीण शबाना बानों, हीना बानों, मो. मुस्लिम, शहर बानों आदि लोगों ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम सभा की कोटेदार मंजू पत्नी श्याम बिहारी है लेकिन खाद्यान्न का वितरण सोहेल अहमद पुत्र अमीन के द्वारा किया जाता है। इनके द्वारा राशन की घटतौली की जाती है लोगो को दो यूनिट कम राशन दिया जाता है कुछ बोलने पर राशनकार्ड कटवाने की भी धमकी देते हैं। एक माह पूर्व ग्रामीणों ने राशन घटतौली की शिकायत किया था जिसकी जांच सप्लाई इंस्पेक्टर मुसाफिरखाना के द्वारा की गई लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति मे मामला अटकाया जा रहा। जबकि ग्रामीणों ने सप्लाई इंस्पेक्टर को बयान व साक्ष्य भी उपलब्ध करवाया था। ग्रामीणो ने डीएम को भी शिकायती पत्र में राशन की घटतौली व अभद्रता किये जाने पर कार्रवाई की मांग किया था पीड़ित ग्रामीण तहसील से लेकर जिला तक चक्कर लगा रहे है ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लेकर जिला के अधिकारी को मामले की जाँच अन्य विभाग से किये जाने की मांग की है

जनपद में पूर्ण गरिमा और हर्षोल्लास से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस

अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि जनपद में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पूर्ण गरिमा एवं हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 8:30 बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान की प्रस्तावना एवं उससे सम्बन्धित इतिहास पर प्रकाश डाला जायेगा। जिसके उपरान्त प्रातः 08:30 बजे सभी सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यालयों में झण्डारोहण के साथ ही राष्ट्रगान आयोजित होगा। प्रातः 10:00 बजे से समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कतव्यों का पाठन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता धर्म निरपेक्षता, साम्प्रदायिक सौहार्द, साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा साथ ही डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम अमेठी में 5 किमी बालक/बालिका वर्ग साइकिल रेस का आयोजन प्रातः 10:00 से किया जायेगा व समस्त नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत व मलिन बस्तियों में सामूहिक सफाई का अभियान आयोजित होगा।

मतदाता दिवस पर डीएम ने अधिकारियों को दिलाई शपथ

सुलतानपुर (वीओएल)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। ह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्ल थीम के साथ आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार हर्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई।

इसके बाद जिलाधिकारी ने केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज, सुलतानपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में युवाओं ने मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए जनता को जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि

- जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए युवाओं का सक्रिय योगदान आवश्यक है। उन्होंने युवा और भावी मतदाताओं से अपील की कि वे न केवल मतदान करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लोकतंत्र की नींव को और सशक्त बनाते हैं।

जिले की सभी तहसीलों, कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला, एडीएम (वि/रा) एस. सुधाकरन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा, मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला सूचना अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

एटीएस ने संदिग्ध युवक को किया गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। एटीएस अयोध्या यूनिट में कोतवाली क्षेत्र के तवाककलपुर नगरा से पंजाब प्रांत के फाजिल्का जिले के रहने वाले एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। बीते शुक्रवार की रात एटीएस अयोध्या यूनिट के निरीक्षक दिनेश कुमार पांडे ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर तवाककलपुर नगरा से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम मान सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह निवासी अरनी वाला शेख सुभान जिला फाजिल्का पंजाब बताया। निरीक्षक की दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने युवक के विरुद्ध कूट रचित दस्तावेज तैयार करने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया। तहरीर के अनुसार युवक ने तवकलपुर नगरा के पते पर आधार कार्ड, निर्वाचन कार्ड एवं निवास कार्ड बनवाया है तथा आजमगढ़ जिले के बूधनपुर ब्लॉक के सरैया गांव से जन्म प्रमाण पत्र बनवाया है। जिसके आधार पर बैंक आफ बडौदा सूरापुर की शाखा में अपना बैंक खाता खुलवाया है। युवक विदेश जाने के लिए पासपोर्ट बनवाने के का भी प्रार्थना पत्र ऑनलाइन किया है। गिरफ्तारी के बाद एटीएस ने उसके पास से दो मोबाइल सेट एवं सिम तथा 900 नगद एवं फर्जी दस्तावेज बरामद किया है। क्षेत्र वासियों के अनुसार यह युवक कोरोना कार्यकाल में 2019 में आया था। कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव की युवती रेशमा के साथ उसकी 2019 में शादी भी हुई है। जो मानसिंह के साथ ही विजय वर्मा के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहता है। क्षेत्र वासियों के अनुसार यह पंजाबी ठेला वाले के नाम से जाना जाता है। यह ठेले से गिट्टी मोरंग धोने का कार्य करता है। कुछ दुकानों में झाडू लगाने का कार्य करता है। यह काफी मृदभाषी है। यह आजमगढ़, सुलतानपुर एवं पंजाबी भाषा में बात करता है। बचपन में ही इसके पिता गुरबख्श सिंह एवं माता का निधन हो गया था। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार मानसिंह को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से जेल भेज दिया गया।

मतदाता दिवस पर बच्चों को किया गया सम्मानित

महराजगंज, रायबरेली। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महराजगंज कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित मेला परिसर से एक विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें उपस्थित हजारों की संख्या में बच्चों ने कस्बे के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए अनेक प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा जागरूक किया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कस्बे के हनुमानगढ़ी स्थित मेला प्रांगण में उप जिलाधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व राजा चंद्र चूड़ सिंह विद्यापीठ इंटर कॉलेज जीजीआईसी के हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया मतदाता दिवस पर भाषण व जन जागरूकता के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अनेक प्रकार की प्रस्तुतियां पेश की तथा छात्र व छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का भरसक प्रयास भी किया गया। वहीं लगभग एक दर्जन छात्र व छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उपजिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, अधिशासी अधिकारी राम आशीष व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। वहीं विकासखंड परिसर में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मिष्ठान व जलपान कराकर कार्यक्रम का समापन उप जिलाधिकारी सचिन यादव की मौजूदगी में हुआ।

सविता समाज की सच्ची हितैषी सपा

सुलतानपुर (वीओएल)। एमडब्लूओ ने भारत रत्न, जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती पर अति पिछड़ा जगाओ महासम्मेलन का आयोजन किया, जिसमे सुलतानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़ आदि जनपद के नाई, सैन, सविता समाज ने भागेदारी की। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल रहे। नपा अध्यक्ष ने भारत रत्न कपूरी ठाकुर का इतिहास बता कर भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

कहा कि भारत सरकार ने कपूरी ठाकुर को भारत रत्न समाज का सम्मान बढ़ाया और लखनऊ से चलकर आए समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री गोंडा जनपद गौरा विधानसभा 301 से विधानसभा के प्रत्याशी रहे संजय विद्यार्थी ने भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर जी की जयंती पर बधाई देते युवाओं और समाज को राजनीतिक भागीदारी कैसे मिले? इस पर अपना विचार व्यक्त किया और समाजवादी पार्टी नाई, सेन, सविता समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़ी मिलेगी और समाज को उचित राजनैतिक भागेदारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा कपूरी ठाकुर जी के जीवन चित्रण पर प्रकाश डालते हुए पिछड़ों का मसीहा बताया और उनके जीवनी से लोगो को आत्मसात करने की अपील और कैसे बिना संसाधन के कपूरी ठाकुर एक बिहार जैसे प्रदेश के मुख्यमंत्री तक सफर किया और भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर जी के 101वी जयंती सुलतानपुर के तिकोनिया पार्क में उपस्थित जनसमूह का अभिवादन स्वीकार करते हुए देश वासियों को कपूरी ठाकुर जी की जयंती पर बधाई दी।

मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमेठी। भारत में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है भारत में जितने भी चुनाव होते हैं उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की होती है भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था इसलिए 25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग का गठन हुआ।

भारत सरकार ने वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की थी और 2011 से ही हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि देश की राजनीतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में आज भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद अमेठी में विविध जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता हेतु निकाली गई बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीएम ने गुब्बारे व शांति प्रतीक कबूतर उड़ाया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभागार में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं, छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, मतदाता जागरूकता गीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया साथ ही मतदाता जागरूकता को लेकर वृहद रंगोली भी बनाई गई एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर जन सामान्य को आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया।

मतदाता दिवस कार्यक्रम में छात्रों को किया जागरूक

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र को मजबूत करने में मतदाताओं की भूमिका और युवाओं की हिस्सेदारी के साथ वोट की शक्ति को प्रदर्शित करते हुए कृतिका यादव, जितिका पांडेय, विश्वास वर्मा, अनुराग, दिव्यांश, अंकिता, नव्या, आराध्या, अंजली आदि छात्रों ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की और भविष्य के नागरिक कर्तव्यों एवं मतदान के महत्व पर प्रेरक भाषण दिया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सभी को लोकतान्त्रिक मूल्यों को बनाए रखने की शपथ दिलाई। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक बी एन त्रिवेदी ने बच्चों को बताया कि देश की जनता के लिए मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है जो लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति के पास है। वोट देने का अधिकार जनता को यह नियंत्रित करने में मदद करता है कि कौन शासन करेगा और आप अपने देश में किस प्रकार के विकास और कल्याण की योजनाएं चाहते हैं।

संक्षेप

दांतों से काट लिया पत्नी का होंठ, 16 टांके लगे

आगरा। मंडल के मथुरा जिले में एक हैवानियतभरा मामला सामने आया है. थाना मगोर्रा के गांव नगला भूचन में रहने वाली एक विवाहिता के होठों को उसके पति ने इतनी बुरी तरह से काटा कि उसके 16 टांके आए हैं. झगड़ा होने पर पति ने यह क्रूरता दिखाई. महिला बोल नहीं पा रही थी ऐसे में लिखकर उसने पति की हैवानियत बताई. पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया है आरोप है कि घर में काम करने के दौरान पति से विवाद हो गया जिसके बाद पति ने दांतों से उसका होंठ काट लिया. बचाने आई बहन के साथ भी मारपीट की. बाद में मौके से पति भाग निकला. इसके अलावा सास और देवर ने भी मारपीट की. मेडिकल परीक्षण के बाद वह सादाबाद अपने मायके पहुंच गई जहां से पिता ने बेटी संग जाकर मुकदमा दर्ज कराया है।

दलित महिला को पीटने वाले गिरफ्तार हों

आगरा। तीन दिन पूर्व अछनेरा में दलित महिला के साथ की गई शर्मसार घटना उसे सरे आम रोड पर गिरा कर दबंग जाट समाज के लोगों ने चप्पलों से पीट-पीट कर बेहोश कर दिया। वीडियो वायरल होने पर अखिल भारतीय जाटव महासभा को जानकारी हुई तो सभी पदाधिकारी दलित महिला से मिलने उसके गांव पहुंचे और पीड़ित महिला से घटना की जानकारी ली गांव में दहशत में माहौल बना हुआ है लेकिन थाना पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। अखिल भारतीय जाटव महासभा के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया साथ ही ऐलान किया कि अगर दलित परिवार को 24 घंटे के अंदर सुरक्षा प्रदान नहीं की गईऔर इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले दबंग को गिरफ्तार कर जेल भेजा नहीं भेजा गया तो अखिल भारतीय जाटव महासभा 24 घंटे के उपरांत जिला मुख्यालय पर भूख हड़ताल शुरू कर देगी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार जाट व राष्ट्रीय संयोजक वीरेन्द्र जोनवार, राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर विजेंद्र अहिरवार, राष्ट्रीय सचिव राजेश खन्ना, सपना कुमारी, राज सिरोही, जितेंद्र पीपल, नंदकिशोर शास्त्री, जगमोहन वर्मा, आकाश राज, सोनी, राजेश गौतम, विक्की कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में चार की मौत, दो घायल

शाहजहांपुर। जिले में हुई सड़क दुर्घटना में चार युवकों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने बताया कि थाना अल्लाहगंज के अंतर्गत गांव दहेना गांव के रहने वाले कुछ लोग शुक्रवार रात 11:00 बजे विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे और उनकी कार कटेली गांव के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। एसपी ने बताया कि इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार राहुल कुमार (25) विनय शर्मा (27) आकाश (22) गोपाल (24) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को बाहर निकाला, जिनमें से चार की मौत हो चुकी थी। राजेश ने अल्लाहगंज थाने के प्रभारी ओम प्रकाश के हवाले से बताया की सूचना के बाद वह तत्काल मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों को कब्जे में लेने के बाद घायलों को तत्काल ही राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

सरलता की प्रतिमूर्ति थीं विमला देवी : प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने समाजसेविका को अर्पित की पुष्पांजलि

- कार्यकर्ताओं ने कप्तानगंज में उपनेता का किया जोरदार स्वागत

बस्ती। कप्तानगंज क्षेत्र के ऐतीहासिक अकलेवा स्थित पं. चतुर्भुज तिवारी आदर्श इंटर कालेज परिसर में शुक्रवार की शाम समाजसेविका विमला देवी की स्मृति श्रद्धांजलि का आयोजन हुआ। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने स्वयं तथा प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से विमला देवी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विमला देवी सरलता की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा से अंचल में शिक्षण संस्थानों की स्थापना से शैक्षिक मूल्यों को मजबूती मिल सकी। कार्यक्रम के संयोजक एवं स्व. विमला देवी के पुत्र पूर्व प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी ने विमला देवी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। संचालन पं. दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा जय प्रकाश तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। सह संयोजक संजीव तिवारी एवं अनिल कुमार तिवारी रहे। वहीं कप्तानगंज तिराहे पर कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत भी किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, जनसम्पर्क अधिकारी अरूण पाण्डेय, निजी सचिव जगन्नाथ दुबे, विधायक आराधना मिश्रा के प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय, प्रतापगढ़ के ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्रा, हगपाल यादव, रामकृपाल पासी, डॉ. अमिताभ शुक्ल, छोटे लाल सरोज, रोहित सिंह, पप्पू तिवारी, बृजेश द्विवेदी, हृदयनारायण मिश्र, पवन शुक्ल, आईपी मिश्र, आशुतोष मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, मुरलीधर तिवारी, दिनेश सिंह, राजू मिश्र, डॉ. अरविन्द मिश्र, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, अनुराग पाण्डेय, पन्नेलाल पाल, दारा सिंह, शास्त्री सौरभ, रामू मिश्र, दीपक मिश्र, राजू पाण्डेय आदि रहे।

महाकुम्भ में जलीं दो कारें कोई जनहानि नहीं

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे महाकुम्भ मेले के सेक्टर-दो में मीडिया सेंटर के पीछे शनिवार सुबह दो कार में आग लग गई जिस पर दमकलकर्मियों ने समय रहते काबू पा लिया। घटना में जनहानि की सूचना नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी मुख्य अग्निशमन अधिकारी (महाकुम्भ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आज सुबह वाराणसी से आई एक कार जब मेला क्षेत्र में प्रवेश कर रही थी तभी उसमें आग लग गई और साथ में चल रही एक अन्य कार भी आग की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और किसी को आग से चोट नहीं आई। शर्मा ने बताया कि आग संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इससे पहले 19 जनवरी को सेक्टर-19 में एक शिविर में पुआल में आग लगने के बाद 18 शिविर जलकर खाक हो गए थे। हालांकि, दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया और कोई जनहानि नहीं हुई। गीता प्रेस और अखिल भारतीय धर्म संघ द्वारा कल्पवासियों के लिए लगाए गए इन शिविरों में लगी आग को बुझाने में करीब 15-16 गाड़ियां लगाई गई थीं।

मुफ्त राशन योजना का लाभ उठाने वाले 11 हजार से अधिक राशन कार्ड निरस्त

मथुरा। गरीबों के राशन खाने वालों की आफत आ गयी। जनपद में ऐसे लोग है जो लाखों रुपये कमाते थे, लेकिन राशन मुफ्त का खाते थे। जिले में 11,849 लोग सरकार की मुफ्त राशन योजना का लाभ भी उठा रहे थे। अब आपूर्ति विभाग ने इनके राशन कार्ड निरस्त कर दिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में चार लाख 64 हजार 230 राशन कार्डधारक हैं। चार लाख 22 हजार 794 पात्र गृहस्थी योजना व 41 हजार 436 अंत्योदय योजना के तहत आते हैं। अंत्योदय कार्ड पर 35 किलो व गृहस्थी कार्ड पर पांच किलो खाद्यान्न दिया जाता है। यूं तो सरकार का उद्देश्य जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ देना था, लेकिन ऐसे भी लोग थे जिनकी जरूरतें लाखों रुपये कमाने के बाद भी पूरी नहीं हो रही थीं। वो अपनी लाखों की कमाई पर आयकर तो भरते थे लेकिन मुफ्त का राशन लेने में भी पीछे नहीं थे। आयकर विभाग द्वारा आपूर्ति विभाग को आयकरदाताओं की सूची भेजी गई। जिसका आपूर्ति विभाग ने राशन कार्डधारकों की सूची से मिलान किया तो ऐसे 11849 लोग सामने आए।

जन्मभूमि पर वैदिक पद्धति से हुई श्रीमद्भागवत की स्थापना

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी की स्थापना का तीन दिवसीय विशेष उत्सव धूमधाम से आज पूर्ण हुआ। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी स्थापना उत्सव के तृतीय दिवस आज माघ कृष्ण एकादशी तदनुसार शनिवार 25 जनवरी की प्रातः 8 बजे से श्रीभागवत भवन स्थित युगल सरकार श्रीराधाकृष्ण मंदिर स्थित महर्षि वेदव्यास जी प्रतिमा के समीप स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवतजी की स्थापना, श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी अनुराग डालमिया, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जयन्ती डालमिया, संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, उदार दानदाता एवं भगवत भक्त एस लक्ष्मीनारायणन, श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायण- एवं मंदिर के पूजाचार्यो द्वारा वैदिक पद्धति से विशेष पूजन कर की गई। स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवतजी की स्थापना के उपरान्त ग्यारह भागवत आचार्यों द्वारा श्रीमद्भागवत जी के मूलपाठ का सस्वर गायन स्थापित स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी के निकट प्रारम्भ हुआ। इस मूलपाठ का विश्राम माघ शुक्ल द्वितीया तदनुसार 31 जनवरी को होगा। इस अवसर पर उपस्थित भक्तों को वृहद मात्रा में प्रसाद वितरण किया गया।

वृंदावन की रहने वाली कंगना को महामंडलेश्वर की मिली उपाधि

मथुरा। महाकुंभ में फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के साथ वृंदावन की रहने वाली कंगना को भी महामंडलेश्वर की उपाधि मिली है। इन दोनों ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई और इनका महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने पद्धिषेक किया। श्रीधाम वृंदावन में रहने वाली किन्नर समाज की अध्यक्ष कंगना ने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के सानिध्य में संगम पर पिंडदान किया और पुराने जीवन को त्यागकर संन्यासी जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। जूना अखाड़े के संतों की मौजूदगी में विधि विधान से महामंडलेश्वर ने इनका पट्टाभिषेक किया। इसके बाद से कंगना अब महामंडलेश्वर मां कृष्णा नंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी। उन्होंने फिल्म अभिनेत्री से महामंडलेश्वर बनी ममता के साथ संगम में स्नान और पिंडदान किए। कंगना ने कहा कि व अब सनातन धर्म के लिए काम करेंगी और उनका जीवन इसी के लिए समर्पित रहेगा।

गणतंत्र दिवस परेड में कदमताल करेगी वृंदावन की बेटी

वृंदावन। दिल्ली के कर्तव्यपथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में इस बार कान्हा की नगरी की बालिका भी देश के वीर जवानों के साथ कदमताल करेगी। बिरला बालिका विद्यापीठ प्लानी की छात्रा ज्योति गौतम अपने कौशल से नगर को गौरवान्वित करेंगी। नगर के युवा व्यवसायी सुनील गौतम की पुत्री देश के प्रतिष्ठित बिरला बालिका विद्यापीठ में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा है जो इस वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड में विद्यालय के एनसीसी गर्ल्स बैंड के साथ कदमताल करती नजर आयेगी। राजस्थान का बिरला विद्यापीठ स्कूल लगातार 66 वर्षों से अपनी विशिष्ट शैली के कारण गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा बनता रहा है। इस संबंध में पिता सुनील गौतम ने बताया कि परेड से लगभग एक महीने पहले ही विद्यालय की चयनित छात्राओं को दिल्ली के एनसीसी कैंप में शामिल किया जाता है। जहां सेना के ट्रेनर की निगरानी में प्रतिदिन कई घंटों तक वाद्ययंत्रों से रिहर्सल कराई जाती है। इस दौरान परिजनों को भी मिलने की इजाजत नहीं होती है। 26 जनवरी से दो दिन पूर्व सेना के सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी में फुल ड्रेस रिहर्सल कराई गई थी।

आबकारी टीम ने पुलिस के सहयोग से पकड़ी 14 पेटी विदेशी मदिरा, दो तस्कर गिरफ्तार

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। थाना हाईवे पुलिस व आबकारी टीम ने शराब की तस्करी करने वाले 02 लोगों को 14 पेटी गैर प्रान्त की विदेशी मदिरा के साथ परिवहन के दौरान मय एक कार सियाज के साथ गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जिलाधिकारी सीपी सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा गठित आबकारी टीमों द्वारा जनपद मथुरा में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान लगाया हुआ है। बीतीरात आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम निहान्त यादव अपनी टीम और थाना हाईवे निरीक्षक आनंद कुमार शाही के साथ एटीवी के सामने दिल्ली मथुरा एन एच पर चेकिंग कर रहे थे कि हरियाणा से आंध्रप्रदेश राज्य हेतु एक मारुति सुजुकी सियाज कार टीएस 07जेवी3072 की डिग्गी व सीट के नीचे छिपा कर रखी 11 पेटी रेडलबेल, 1 पेटी ब्लैक लेवल, 1 पेटी शिवास रीगल, 1 पेटी सिग्नेचर (कुल 14 पेटी 126बीएल समस्त उत्तरप्रदेश राज्य के अतिरिक्त गैर प्रांत में विक्रय हेतु अनुमन्य) एक वॉकी टोकी, 2 कूटरचित नंबर प्लेट बरामद की है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम निहान्त यादव ने बताया कि हरियाणा से तेलंगाना ले जा रहे थे शराब, पकड़े गए तस्करों में पतलावल टिक्या (38) पुत्र पी. सेब्या निवासी देवनगुट्टा टांडा ग्राम पेडर वेली जिला महबूबनगर आन्ध्र प्रदेश व खटराबत गोविन्दू (26) पुत्र नारायन निवासी ग्राम पेडरवेली जिला महबूबनगर आन्ध्र प्रदेश श्रीकृष्ण मय माल है। परिवाहन के दौरान गैर प्रान्त की विदेशी मदिरा 14 पेटी जिसमें 11 पेटी विदेशी मदिरा के साथ पकड़ा है। तस्करी को पकड़ने वाली टीम में आनन्द कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे, राहुल चैधरी चैकी प्रभारी पन्ना पोखर, अभयराज यादव, (प्र.आ.सि.) आवकारी टीम क्षेत्र प्रथम मथुरा, अनुराग शुक्ला (आ.सि.) आवकारी टीम क्षेत्र प्रथम, जितेन्द्र कुमार आवकारी टीम क्षेत्र प्रथम, सुशील कुमार आवकारी टीम क्षेत्र प्रथम आदि शामिल रहे।

गणतंत्र दिवस पर आयोजित किया जायेगा रक्तदान शिविर

मथुरा। ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति (रजि) उत्तर प्रदेश लाइफ केयर चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार सुबह 9:00 बजे बजे से गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन लाइफ केयर चैरिटेबल ब्लड बैंक नेशनल हाईवे नंबर 2 हाईवे प्लाजा के सामने मथुरा पर किया जा रहा है।

व्यापारियों व उद्यमियों ने जीएसटी से जुड़ी समस्याएं बतायीं, छोटी-छोटी गलतियों पर दंडात्मक रवैया न हो

आगरा। स्टेट जीएसटी भवन, जयपुर हाउस कार्यालय में व्यापारियों और उद्यमियों की जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को सुनने और उनके समाधान पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण संवाद बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। बैठक में स्टेट जीएसटी विभाग के आगरा के शीर्ष अधिकारी मारुति चरण चौबे जी, अंजनी कुमार अग्रवाल, जॉइंट कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, कर अधिकारी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य मंत्री राकेश गर्ग ने अपने प्रखर और प्रेरणादायक संबोधन में कहा, व्यापारी और उद्यमी इस देश की रीढ़ हैं। जीएसटी जैसी कर प्रणाली देश के आर्थिक विकास में मील का पत्थर है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह करना नहीं, बल्कि व्यापार और उद्योग को सशक्त बनाना है। जीएसटी प्रक्रिया को सरल और सहयोगात्मक बनाना हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियों को चाहिए कि वे व्यापारियों की छोटी-छोटी गलतियों पर दंडात्मक रवैया न अपनाएं, बल्कि उन्हें सुधारने और समझाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दें। यह जरूरी है कि व्यापारिक समुदाय को ऐसा माहौल दिया जाए जहाँ वे खुलकर अपनी बात रख सकें और बिना भय के काम कर सकें। राज्य मंत्री राकेश गर्ग ने आगरा के व्यापारियों और उद्यमियों को विश्वास दिलाया कि उनके हर मुद्दे को सरकार और विभाग तक पूरी गंभीरता से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ह्वव्यापारी केवल करदाता नहीं, बल्कि देश के विकास के सहभागी हैं। उनका आत्मविश्वास और संतुलन बनाए रखना सरकार और विभाग की जिम्मेदारी है। जीएसटी विभाग के शीर्ष अधिकारी श्री मारुति चरण चौबे जी ने अपने वक्तव्य में राकेश गर्ग की विचारधारा की सराहना करते हुए कहा, जीएसटी विभाग व्यापारियों के साथ हमेशा सहयोगात्मक रवैया अपनाएगा। व्यापारिक समुदाय के साथ बेहतर संवाद और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। व्यापारियों और उद्यमियों के विकास में विभाग का पूरा सहयोग रहेगा।

रजिश के चलते प्रधान को फायरिंग कर धमकाया

आगरा। जैतपुर ग्राम चंद्रपुर कंथरी प्रधान को कुछ दबंग लोगों ने जान से करने के नियत से फायरिंग कर धमकाया। कुछ समय पूर्व प्रधान द्वारा चकमार्ग मुक्त कराए जाने पर अतिक्रमण कारियो ने मुड़िडया उखाड़ के फेंक दी राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस के जाने के बाद दबंगों ने ग्राम प्रधान, सुनील कुमार एवं शिकायत कर्ता पर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दी पुलिस कमिश्नर आदेशाअनुसार केस दर्ज जांच शुरू कर दी इसकी जांच हलका इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार कर रहे थे। आरोप है की 18/1/25 को ग्राम प्रधान सुनील कुमार पर हमला हुआ जान से मारने की धमकी दी गई दबंग ने कहा जो धारा 307 का मुकदमा लगा है उसको हटाओ वरना तुम्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा वर्तमान में जांच सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार को कर दी है संदीप कुमार विपक्षी गढ़ से मध्यस्थता कर रहे हैं प्रार्थी जब थाने गया तो देखा पूर्व सब इंस्पेक्टर विपक्षी गढ़ के पास बैठे हुए थे धारा 307 हटाने की बात चल रही थी प्रार्थी को डर है सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार जी जांच को प्रभावित कर सकते हैं। प्रधान को डर है की दबंग लोगों के द्वारा कभी भी कोई अनहोनी घटना कर सकती है ग्राम प्रधान भय भीत है उसने घर से पलायन कर दिया है घर के सभी सदस्य भयभीत और डरे सहमे में हुए है।

कलेक्ट्रेट में भव्यता से मनाया गया मतदाता दिवस

मथुरा। जिला निर्वाचन अधिकारी / डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षक/ शिक्षकाओं, छात्र-छात्राओं आदि को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई, जिसमें शपथ ली गई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए. निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

शपथ के पश्चात डीएम ने विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना की। रंगोली, पेटिंग एवं पोस्टर के माध्यम से मतदाता जागरूकता के विभिन्न स्लोग्न को प्रदर्शित किया गया तथा लोगों को इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी अहम भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी को सम्बोधित करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने कहा, वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हमारी सबसे बड़ी भूमिका है। हर एक बोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। हमें न केवल स्वयं जागरूक होना है, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करना है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक इसमें भागीदार बने। उन्होंने वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम, पर जोर दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम एवं एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने प्रत्येक तहसील के सर्वश्रेष्ठ दो-दो बीएलओ को सम्मानित किया, जिसमें छाता से विजय पाल, घनश्याम सिंह, मांट से विकास शर्मा, तोताराम, गोवर्धन से मिटठन लाल, कल्पना, अंकित अग्रवाल, मथुरा से इन्द देव तिवारी, रामचरन एवं बल्देव से भूपेन्द्र सिंह तथा प्रदीप कुमार हैं। उन्होंने जनपद के विभिन्न स्कूलों में काव्य पाठ, स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। डीएम ने कैम्पस एम्बेसडर में पृथ्वी, प्रीति, लवली, पंकज व उमेश चन्द्र, बेस्ट नोडल आफिसर में अशोक कौशिक, रोली तिवारी, रवि पाल, विश्वन्जय सिंह, गिरीश चन्द्र शर्मा, कमलेश कुमार, सुचि खण्डेलवाल, सीमा यादव, सायमा मोहम्मद, रीतु सुरेश तथा विनेश, कोर कमेटी सदस्य में पल्लवी सिंह, दीनदयाल, अखिलेश यादव, मनीष दयाल, मनीषा शर्मा, पूजा राय, राजेश झा, अनीता मुदगल, गुरू प्यारी सतसंगी तथा कविता सक्सेना, एनएसएस नोडल आफिसर में निधि शर्मा, ज्योतेष चैधरी, रूमी जैसवाल तथा नवीन अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में ओमप्रकाश, कुलदीप द्विवेदी तथा सुनील कुमार एवं ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजक अंकित अग्रवाल को सम्मानित किया।

हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

सुलतानपुर। जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों में से एक की मौत हो गयी और जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के अखंडनगर-दोस्तपुर मार्ग रामपुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इसके कारण मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। आस-पास के लोगों ने दोनों को एम्बुलेंस से अखंडनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को जिला अस्पताल अम्बेडकर नगर रेफर किया गया है।हादसे में मृत युवक की पहचान अखंडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम हरधुआ बभनपुर निवासी शिवम गुप्ता (20) के रूप में हुई।

रेली निकाल अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई मतदाता शपथ

टूंडला। तहसील टूंडला में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। उपजिलाधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने तहसील सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के शुभ अवसर पर हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली नगर भ्रमण करते हुए तहसील प्रांगण में संपन्न हुई जहां उप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को उन्होंने खडे.होकर मतदाता शपथ दिलाई। वहीं इस अवसर पर बुजुर्गों को कंबल वितरित किए वा अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर तहसीलदार राखी शर्मा सभी लेखपाल राजस्व कर्मी शामिल रहे।

मतदाता दिवस पर जेल अधीक्षक ने दिलायी शपथ

मथुरा। जिला कारागार मथुरा में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग द्वारा सभी अधिकारी एवम् कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कारापाल सुशील कुमार वर्मा, चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, उपकारापाल सुश्री करूणेश कुमारी, रवीन्द्र कुमार, दुर्गेश प्रताप सिंह व अनूप कुमार, लेखाकार चूणामणि तिवारी, शिक्षाध्यापक सुलेन्द्र चैधरी एवं फार्मासिष्ट सुभाष चन्द्र द्विवेदी तथा अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर और ऑटो रिक्शा की टक्कर में दो की मौत, तीन घायल

आगरा। आगरा में एक ट्रैक्टर और ऑटोरिक्शा की टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा शुक्रवार रात पिनाहट थाना क्षेत्र में हुआ, जब एक ट्रैक्टर और ऑटोरिक्शा की टक्कर हो गई। उसने बताया कि तिपहिया वाहन पर सवार सभी छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी भूतेश्वर से लौट रहे थे। पिनाहट थाने के प्रभारी ब्रह्मपाल ने बताया कि घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां बैकुंठी देवी (35) और गंगा देवी (30) ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम ने संगम में लगायी डुबकी

महाकुंभ नगर। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को संगम में डुबकी लगाई और महाकुंभ-2025 को भारतीयता और मानवता का महापर्व बताया। मेघवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज प्रयागराज प्रवास के दौरान भारतीयता और मानवता के महा उत्सव महाकुंभ-2025 में सम्मिलित होकर मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती के पावन संगम में पुण्य स्नान और ध्यान करते हुए संगम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि अनादिकाल से अध्यात्म और आस्था के इस अनुपम संगम महाकुंभ ने पूरे विश्व को समानता, समरसता और एकता का संदेश दिया है। उनके मुताबिक, महाकुंभ केवल भारत की ही नहीं, बल्कि वैश्विक आध्यात्मिकता का भी केंद्र है। मेला क्षेत्र में आयोजित हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेघवाल ने कहा, हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो जीवन जीने की राह दिखाता है। केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री ने कहा, हमारे संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की बात कही गई है।

जर्मनी ने छात्रों को दीं कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण जानकारियां

नेशनल सेमिनार

मथुरा। संस्कृति विवि के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने पीआई इंडस्ट्रीज, जर्मनी के सहयोग से शिक्षा और अनुसंधान के लिए नवाचार विकास के अवसर विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कृषि और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में प्रगति और करियर की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की भी विस्तार से जानकारी दी।

विशेषज्ञ वक्ता के रूप में पीआई इंडस्ट्री जर्मनी के डवलपमेंट प्रमुख डॉ. क्लाउस कुंज ने कृषि, इंजीनियरिंग, जैव प्रौद्योगिकी, बुनियादी विज्ञान और प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को पीआई इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदान किए जाने वाले विशाल अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने अनुसंधान, उत्पाद विकास और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने में विविध कौशल और मानसिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. कुंज ने कृषि छात्रों को भी लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. क्लाउस कुंज ने कृषि, इंजीनियरिंग, जैव प्रौद्योगिकी, बुनियादी विज्ञान और

प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों को पीआई इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने अनुसंधान, उत्पाद विकास और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने में विविध कौशल और मानसिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. कुंज ने कृषि छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए पीआई इंडस्ट्रीज द्वारा पेश किए गए छह महीने के इंटर्नशिप कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि अतिथि डॉ. चक्रधर पाल ने कृषि में नवाचार, विकास और अनुसंधान को बढ़ावा देने में सहयोग के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने बदलते पर्यावरण पैटर्न के बारे में चिंता व्यक्त की और छात्रों से स्थायी समाधान खोजने में सक्रिय रूप से संलग्न होने का आग्रह किया। सेमिनार की शुरूआत कृषि विद्यालय के डीन डॉ. कंचन कुमार सिंह द्वारा सेमिनार की विषय संबंधी जानकारी देने से हुई। उन्होंने अनुसंधान और विकास में प्रतिष्ठित वक्ताओं के विशाल अनुभव पर प्रकाश डाला। संस्कृति विवि के कुलपति डॉ. एम.बी. चेट्टी ने वक्ताओं का स्वागत किया और कृषि पेशेवरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में उनके प्रयासों की सराहना की। सेमिनार का समापन स्कूल ऑफ एजुकेशन से डॉ. रानू गुप्ता द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वक्ताओं, आयोजकों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सेमिनार द्वारा विद्यार्थियों को उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में जानकारी हासिल करने और अवसरों का पता लगाने के लिए एक अमूल्य मंच प्रदान किया गया और कृषि चुनौतियों से निपटने में नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व को जानने में सहयोग मिला।

प्रधान व ग्राम सचिव पर कार्यवाही न होने को लेकर मंडलायुक्त से मिले सुनील कुमार

